



**आज का मौसम**
तेज धूप के बीच हवा बहेगी, बादल भी आ सकते हैं।

| 24.6° अधिकतम तापमान | 12.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 06 : 46 | सूर्यास्त 06 : 00 |

## शहर में आज

- **सत्र** : राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में चीनी मिल का पेराई सत्र दोपहर एक बजे।
- **आगमन** : कानपुर लोकसभा क्षेत्र के कॉर्डिनेटर शैलेंद्र चतुर्वेदी का कांग्रेस मुख्यालय में आगमन दोपहर एक बजे।
- **बैठक** : सपा कार्यालय में सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक दोपहर तीन बजे।
- **आराधना** : द गुड शैफर्ड चर्च गूबा गार्डन में ईसाई समाज द्वारा रोजे की शुरुआत पर आराधना शाम छह बजे।
- **पदयात्रा** : गंगा के प्रदूषण के विरोध में गंगा बैराज से जाजमऊ तक पदयात्रा और डीएम को ज्ञापन दोपहर 12 बजे।

# एक रात में आठ दुकानों के ताले तोड़ लाखों की चोरी

- नौबस्ता में सात व जनता नगर में एक दुकान के ताले तोड़े
- सीसीटीवी में कैद हुए चोर, दो संदिग्ध नाबालिग हिरासत में

**चोरों की बारात**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोमवार देर रात चोरों ने नौबस्ता व बर्रा की आठ दुकानों में धावा बोलकर पुलिस गश्त की पोल खोल कर रख दी। नौबस्ता थानाक्षेत्र स्थित एमडी मार्केट में सात दुकानों का शटर तोड़ कर चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया। इसके अलावा बर्रा तीन स्थित एक किराना दुकान का शटर तोड़ कर चोरों ने 40 हजार नकदी पार कर दी। दोनों घटनाओं में चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए। नौबस्ता पुलिस ने दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है।

नौबस्ता, आवास विकास निवासी पुलिस विभाग से रिटायर्ड इंस्पेक्टर रामपाल सिंह की आफिस चौराहे के पास एमडी मार्केट है। मार्केट में 36 दुकानें हैं। सोमवार देर रात चोर मार्केट के पिछले हिस्से से दुकान में घुसे। सरिया से मंजू दीक्षित की गुनगुन कास्मेटिक का ताला तोड़ कर नगदी समेत 90 हजार का सामान पार किया।


नौबस्ता में गुल्लक खाली कर दी चोरों ने। अमृत विचार


कास्मेटिक दुकान का शटर तोड़ चोरी। अमृत विचार

इसके बाद चोरों ने वाशिंग मशीन, फ्रिज का काम करने वाले चंदन राठौर की दुकान से 20 हजार रुपये के टूल्स, कास्मेटिक एंड गिफ्ट की दुकान संचालिका सीमा शर्मा की दुकान से 10 हजार नकदी व 55 हजार का सामान, बुटीक संचालिक ज्योति तिवारी की दुकान से 40 हजार का नकदी व सामान, ब्यूटी पार्लर संचालिका रीमा पटेल के पार्लर से नकदी समेत 40 हजार का माल, कास्मेटिक कारोबारी ललित शर्मा व शुभम के कार्यालय से नकदी पार कर दी। सुबह साढ़े आठ बजे रामपाल सिंह ने मार्केट का मेन शटर खोला तो दुकानों के ताले टूटे पड़े मिले।

रामपाल ने दुकानदारों व नौबस्ता पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें सुबह एक किशोर कैद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है। दो संदिग्ध किशोरों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं दूसरी घटना बर्रा थानाक्षेत्र की जनता नगर चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई। बर्रा विश्व बैंक एच ब्लॉक निवासी हिमांशु शर्मा ने बताया कि उनकी बर्रा तीन केडीए मार्केट के पास किराना की दुकान है। सीसीटीवी से पता चला कि रात 2:30 बजे दो युवक आए और शटर का ताला तोड़ा। एक युवक बाहर निगरानी करता रहा, वहीं दूसरे युवक ने दुकान में घुस कर गोलक में रखी करीब 70 हजार रुपये की रेजगारी पार कर दी। बर्रा थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार चोरों की तलाश की जा रही है।

## लाखों की चोरी में तीन माह बाद रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थाना पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप
- न्यायालय में लगाई थी गुहार तब हुई एफआईआर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में बंद घर में चोरों ने ताले तोड़कर लाखों की नकदी और जेवरात पार कर दिए थे। पीड़ित महिला का आरोप है कि चकेरी पुलिस के कार्रवाई न करने पर न्यायालय के आदेश पर तीन महीने बाद रिपोर्ट दर्ज की गई।

हरजिंदर नगर लालबंगला नई सब्जी मंडी निवासी ज्योति ने पुलिस को बताया कि 12 नवंबर 2023 को घर में ताला डालकर जिले से बाहर अपनी रिश्तेदार के घर गईं थीं। 14 नवंबर को घर लौटने पर देखा कि मुख्य गेट के दरवाजे की कुंडी टूटी पड़ी थी। चोरों ने अलमारी के लॉकर में रखे सोने चांदी के जेवरात, पांच लाख 20 हजार रुपये नकद पार कर दिये थे। अन्य कीमती सामान और मोबाइल भी गायब थे। पुलिस ने घटनास्थल की छानबीन कर फोटोग्राफी की लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उन्होंने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की और न्यायलय में अर्जी डाली। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

### जाजमऊ में बंद घर का ताला तोड़कर चोरी

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र के केडीए कालोनी गंगा विहार निवासी आशीष कुमार पाल के बंद मकान से चोरों ने ताले तोड़कर चोरी की। उन्होंने पुलिस को बताया कि दो माह से जाजमऊ वाला मकान बंद था। वे अपने दूसरे मकान में रह रहे थे। 11 फरवरी की शाम पड़ोसी ने घर का ताला टूटने की सूचना दी। वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि कमरे के दरवाजे खुले पड़े थे और अंदर गृहस्थी का सामान इधर-उधर फैला पड़ा था। अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखी ज्वैलरी और रुपये चोरी किए गए थे। जाजमऊ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### पनकी में मंदिर का ताला तोड़कर माल पार

**कानपुर।** पनकी थाना क्षेत्र के पावर हाउस सब्जी मंडी में स्थित राम मंदिर में चोरी हो गई। मंदिर की देखरेख करने वाली दशहरा मेला समिति के सदस्य विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि सोमवार रात नौ बजे मंदिर के पुजारी मुख्य द्वार का ताला लगा कर चले गए थे। मंगलवार सुबह जब लौटे तो मंदिर के मुख्य द्वार का ताला टूटा पड़ा था। दान पात्र भी टूटा था। उसमें रखे दान के लगभग पांच हजार रुपये भी गायब थे। चोर मंदिर के गर्भ गृह से पीतल के बर्तन और दो किलो पीतल का घंटा भी कर उठा ले गए।

### आज वसंत पंचमी



*सरसों पिपरावत है, आमा मौरावत है देख तो सखी वसंत ऋतु आवत है। चिरई चहचहावत है, कोयल कुहकुहावत है, देख तो सखी वसंत ऋतु आवत है। शीतल हवा बहावत है, मनवा गुदगुदावत है, देख तो सखी वसंत ऋतु आवत है। तन-मन हरषावत है, मौसम फरियावत है, देख तो सखी वसंत ऋतु आवत है...।*

(निराला नगर में मां सरस्वती की प्रतिमा को संवारता कलाकार।)

## विजय नगर में खोदाई, रास्ता बंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएल चौराहा की तरफ जाने वाला रास्ता बंद
- नगर निगम नाला कनेक्शन का काम करा रहा

**अमृत विचार।** विजय नगर फलमंडी तिराहे पर नाला कनेक्शन करने के लिए मंगलवार सुबह जलकल ने खोदाई शुरू कर दी। यहां एक साल पहले से काम स्वीकृत था, लेकिन ट्रैफिक विभाग की इजाजत न मिलने से काम शुरू नहीं हो सका था। करीब लाख रुपये से नाला कनेक्शन करने का काम किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में बरसात के समय जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।

क्षेत्रीय पार्षद अरविंद यादव ने बताया कि शास्त्री नगर, पाल बस्ती और गल्ला मंडी तक बारिश में जलभराव होता है। जल निकासी की व्यवस्था अच्छी न होने से बारिश में घरों तक जलभराव हो जाता था। विजय नगर मेन रोड पर नाला निर्माण कराया गया था। इसका कनेक्शन अब रोड क्रॉस कर बड़े नाले से किया जाएगा। जिससे जलभराव खत्म हो जाएगा।


विजय नगर तिराहे पर खोदाई की गई। अमृत विचार

विजय नगर सीएल चौराहा की तरफ रास्ता पूरी तरह बंद होने से यातायात प्रभावित हो रहा है। पुलिस ने आधा रास्ता बंद करने की ही परमीशन दी है, लेकिन खोदाई के लिए पूरा रास्ता बंद कर दिया गया। दो पार्ट में नाला निर्माण कराया जाएगा।

## ईयरफोन लगाए किशोरी की ट्रेन से कटकर मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में लापरवाही के कारण एक और किशोरी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। किशोरी ईयरफोन लगाकर रेलवे ट्रैक किनारे किनारे घर जा रही थी। लेकिन वह ट्रेन की चपेट में आ गई। बताया जा रहा है कि किशोरी को कम सुनाई देता था।

घारमपुर के रहने वाले रामप्रताप की 16 वर्षीय इकलौती बेटी शिवानी गांव में ताऊ चन्द्रपाल के साथ रहती थी। पिता रामप्रताप स्वरूप नगर में एक फर्म में नौकरी करने के साथ वहीं रहते हैं। ताऊ ने बताया कि शिवानी को कम सुनाई देता था। मंगलवार सुबह वह ईयरफोन लगाकर घर का सामान खरीदने जा रही थी। तभी कानपुर-झांसी रेलवे लाइन के किनारे ट्रेन की चपेट में आ गई। ईयरफोन लगे होने की वजह से ट्रेन की आवाज नहीं सुन सकी। मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच कर परिजनों को सूचना दी। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ट्रैक पार करते वृद्ध की मौत

नजीराबाद के शिवराज सिंह का हाता निवासी 60 वर्षीय राघवेन्द्र तिवारी ई-रिक्शा चलाते थे। परिवार में बेटा आकाश और बेटी है। परिजनों ने बताया कि राघवेन्द्र को कम सुनाई देता था। सोमवार देर शाम वह जीटी रोड पर ई-रिक्शा खड़ा करके ट्रैक पार करके घर जा रहे थे तभी ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई।

## आज वसंत पंचमी पर दो शुभ योग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इस दिन शुभ योग और रवि योग का फल मिलेगा
- स्नान, दान के साथ मां सरस्वती पूजन होगा

**अमृत विचार।** वसंत पंचमी पर्व बुधवार को मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन स्नान और दान के बाद मां सरस्वती का पूजन किया जाता है।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि पर्व पर दो संयोग बन रहे हैं। इनमें शुभ योग और रवि योग शामिल हैं।

ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस बार वसंत पंचमी पर शुभ योग होगा। इस योग में सुख सौभाग्य तथा मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए विशेष अनुष्ठान किए जा सकते हैं। इसके साथ ही इस बार पंचमी पर रवि योग भी रहेगा। यह योग सोने की खरीदारी तथा नवीन प्रतिष्ठान के शुभारंभ के लिए विशेष माना गया है। विवाह आदि मांगलिक कार्य भी शुभ फलदायी माने गए हैं। पंचांग के अनुसार पंचमी तिथि की शुरुआत 13 फरवरी को दोपहर 2 बजकर 41 मिनट से हुई है। 14 फरवरी को दोपहर 12 बजकर 9 मिनट पर इसका समापन होगा। उदया तिथि 14 फरवरी को है, इसलिए वसंत पंचमी का पर्व 14 फरवरी को मनाया जाएगा। रवि योग सुबह 10 बजकर 43 मिनट से अगले दिन सुबह 7 बजे तक है, वहीं शुभ योग प्रातःकाल से लेकर शाम 7 बजकर 59 मिनट तक है।

## नीलाब्जा का ट्रांसफर, विपिन सिंह आए

**कानपुर।** चार माह तक शहर की कमान संभालने वाले ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर (अपराध एवं मुख्यालय) नीलाब्जा चौधरी का शासन ने मंगलवार को तबादला कर दिया। उन्हें लखनऊ पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। उनके स्थान पर पीएसी सेक्टर से विपिन कुमार मिश्रा को कानपुर का ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर (अपराध एवं मुख्यालय) बनाया गया है।

**वादा तेरा वादा** — सपा विधायक ने विधानसभा हाउस में उठाया प्रश्न, नगर निगम से जानकारी तलब

# मंत्री जी, चाचा नेहरू अस्पताल का क्या हुआ?

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कानपुर नगर स्थित चाचा नेहरू हॉस्पिटल को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने की प्रक्रिया में वर्तमान तक क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी, यदि नहीं, तो क्यों? यह प्रश्न शहर के आर्यनगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने विधान सभा सदन में लगाया है। जिसके बाद शासन स्तर से नगर निगम के अधिकारियों से योजना के बारे में जानकारी मांगी गई है।

चाचा नेहरू अस्पताल को 100 बेड तक की क्षमता तक बढ़ाया जाना है। पहले फेज में इसे 50 बेड और ओपीडी के साथ शुरू करना है। 20 बेड पीडियाट्रिक आइसीयू और 30 बेड ऑक्सीजन युक्त होने हैं। यहां सिर्फ बच्चों का इलाज होगा। महापौर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इसका लोकार्पण कराने की भी बात कही थी। लेकिन, एक साल से ज्यादा का वक्त बीत गया है, इस योजना में काम शुरू ही नहीं हो सका है।

सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा कि शहर में तो कोई जवाब देता नहीं, सरकार भी जवाब देने में कतरा रही है, जबकि यह सीधे जनता से जुड़ा मामला है। सिर्फ झूठे वादे कर अधिकारी शहर की जनता को भ्रमित करते हैं।

### अमृत विचार ने भी उठाया था प्रश्न

महापौर प्रमिला पांडेय का अस्पताल चलाने का दावा अभी तक जमीन पर नहीं आया। जिसको लेकर अमृत विचार ने भी प्रश्न उठाया था कि नये कार्यकाल के नौ महीने बीतने के बाद भी इस योजना पर एक कदम भी अधिकारी बढ़ नहीं पाये हैं। अब विधानसभा सदन में उठे प्रश्न पर शासन की ओर से नगर निगम को पत्र लिखकर जानकारी मांगी गई है।


महापौर जी, बच्चे मांग रहे इलाज, महिलाओं को दें उनका बाजार



> मैंने सदन में नगर विकास मंत्री जी के सामने प्रश्न उठाया है। सदन तो खत्म हो गया, लेकिन जवाब नहीं मिला है। देखते हैं अधिकारी क्या जवाब देते हैं।
>
> -अमिताभ बाजपेई, विधायक

# कूड़े को अलग-अलग करने का कार्य बंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम के सॉलिड वेस्ट प्लांट में लिगेसी वेस्ट (कूड़े को अलग-अलग करने) का कार्य बंद हो गया है। कार्य कर रही कंपनी को तीन करोड़ रुपये का भुगतान न होने और नगर निगम की अनुमति न मिलने के बाद काम बंद कर दिया गया है। अब प्लांट में एकत्र हो रहा कूड़ा न तो अलग-अलग किया जा रहा है और न ही इससे ब्रिक्स, तेल व अन्य उत्पादन ही हो पा रहा है। इससे कूड़े के सही निस्तारण पर असर पड़ना शुरू हो गया है। प्लांट पर कूड़े का ढेर लग रहा है।

स्वच्छता सर्वेक्षण में कानपुर को थ्री स्टार रेटिंग और यूपी में 5वीं रैंक मिली है। जिससे यह तो साफ है कि शहर में सफाई को लेकर तेजी से काम हो रहा है। लेकिन, कई ऐसे प्वाइंट हैं जहां शहर पिछड़ रहा है। सबसे बड़ी चुनौती डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और पनकी स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट (डंपिंग यार्ड) में लगे कूड़े के पहाड़ों को खत्म करना है। इसको देखते हुये पिछले वर्ष नगर निगम ने भाऊ सिंह स्थित प्लांट में लिगेसी वेस्ट निस्तारण का कार्य शुरू किया था। लेकिन, कुछ समय बाद ही अब प्लांट को बंद कर दिया गया है। प्लांट का संचालन कर रही नोएडा की कंपनी मे. इकोस्टेन इंफ्रा प्रा. लि. ने कार्य को बंद करने के संबंध में जानकारी दी है। कंपनी ने नगर निगम को पत्र लिखा है कि भुगतान न होने की वजह से कार्य बंद हो गया है। हमने लिगेसी वेस्ट प्रोसेसिंग से उत्पन्न इलेर्ट, कंपोस्ट, व सीएंडडी वेस्ट का पूरा निस्तारण कर दिया है, सिर्फ आरडीएफ (प्लास्टिक पॉलीथिन और ज्वलनशील कचरा) का निस्तारण ही बाकी है। वो भी कार्य किया जा रहा है।



पनकी भाऊसिंह प्लांट पर लगा कूड़े का ढेर। अमृत विचार

### ऐसे होता था कचरे का निस्तारण

- ट्रोमल मशीन के माध्यम से विभिन्न साइज और विभिन्न प्रकार के कचरे को अलग-अलग किया जाता था। कचरे में प्राप्त उपयोगी वस्तु जैसे प्लास्टिक, कागज, लोहा का उपयोग किया जाता था।
- मिट्टी को ट्रेंचिंग ग्राउंड में ही बिछाकर समतल किया जाता था। पुराने कूड़े से प्लास्टिक, पॉलीथिन आदि ज्वलनशील पदार्थ को अलग किया जाता है।
- मिट्टी और कंक्रीट को भी अलग-अलग किया जाता। लिगेसी वेस्ट से निकलने वाले प्लास्टिक का ईंधन के रूप में उपयोग करना था।

### ये भी जानें

| | |
|---|---|
| शहर में मकान | 4 लाख 65 हजार |
| कूड़ा उठ रहा वार्डों से | 35 फीसद |
| टैक्स आता | 230 करोड़ रुपये |
| प्लांट | भाऊसिंह पनकी |
| सफाई कर्मचारी | 5600 |
| जरूरत | 10 हजार की |

### बंदी से मंशीनें हो रहीं खराब

कंपनी ने कहा कि कंपनी की ओर से तौलकांटा और ट्रोमल मशीन लगाई गई है जो बंद होने की वजह से खराब हो रही है। कार्य शुरू करने को लेकर नगर निगम निर्देश नहीं दे रहा है इसलिये मशीनों को हटाने की अनुमति दी जाये।

- **कचरे से प्लास्टिक, कागज आदि को किया जाता था अलग**
- **कचरे से सामान बनना भी रुका, बकाया धनराशि का मामला**
- **नगर निगम की ओर से भी रोक के बाद कार्य हुआ बंद**


# सहमति से मां ने बेटी का गला घोंटा फिर पति ने पत्नी को मार डाला था

## चकेरी थानाक्षेत्र के कांशीराम कालोनी में दोहरे हत्याकांड का मामला

## नहीं आए परिजन, आज पोस्टमार्टम आरोपी ही करेगा अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। चकेरी थानाक्षेत्र के कांशीराम कालोनी में कर्ज से परेशान होकर जनरल स्टोर संचालक अर्जुन जायसवाल ने अपनी पत्नी निशा और चार वर्षीय बेटी आशवी की गला दबाकर हत्या कर दी थी। आरोपी से पूछताछ मे पता चला कि पहले निशा ने आशवी की गला दबाकर हत्या की। इसके बाद अर्जुन ने निशा को मार डाला। उसने खुद को मारने की कोशिश भी की लेकिन बच गया। पुलिस ने पड़ोसी बब्लू गौतम की तहरीर पर हत्यारोपी पति पर पत्नी और बेटी की हत्या में हत्या की एफआईआर दर्ज कर ली है। हत्याकांड के दूसरे दिन मंगलवार को चकेरी पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्यवाही तो पूरी कर दी, लेकिन परिवार का कोई भी सदस्य पोस्टमार्टम हाउस नहीं पहुंचा। अब बुधवार को हत्यारोपी की मौजूदगी में मां-बेटी का पोस्टमार्टम होगा और वही अंतिम संस्कार करेगा।



निशा, आशवी व घायल हत्यारोपी अर्जुन। अमृत विचार

### प्रेम विवाह की बात आई सामने, रिश्तेदारों के फोन मिले बंद

पूछताछ और जांच में यह बात सामने आई है, कि हत्यारोपी अर्जुन ने निशा से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद से उसका किसी रिश्तेदार से कोई लेना देना नहीं था। बताया गया कि उसकी बहन लखनऊ में रहती है, उसकी ससुराल भी वहीं पर है। पुलिस को कुछ रिश्तेदारों के फोन नंबर मिले, जो लगातार बंद बता रहे हैं।

### तुम नहीं रहोगे तो हम लोग क्या करेंगे

सोमवार देर रात हत्यारोपी अर्जुन जायसवाल को उपचार के बाद पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि उसने पहले घर में आत्महत्या की बात कही तो उसकी पत्नी निशा ने कहा कि जब तुम नहीं रहोगे तो हम लोग क्या करेंगे। इसलिए हम लोगों को भी मौत की नींद सुला दो।

### खाने में चूहे मार दवा मिलाकर खाई

हत्यारोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि खुद को परिवार समेत खत्म करने के लिए वह ठान चुका था। बताया कि पहले तो उसने खाने में चूहे मार दवा मिलाकर खाई। लेकिन उससे कुछ नहीं हुआ। फिर निशा ने अपना दिल मजबूत करके अपनी मासूम बेटी का गला घोंटकर मार डाला। इसके बाद निशा ने अर्जुन से उसको मारकर खुद भी मर जाने के लिए कहा। इस पर अर्जुन ने निशा को दुपट्टे से गला कसकर मारा।

### पांच बार की आत्महत्या की कोशिश

अर्जुन ने बताया कि खुद को पंखे पर दुपट्टे से फंदे पर लटकाया लेकिन दुपट्टा टूट गया। इसके बाद तार से फांसी लगाने की कोशिश की उसमें भी असफल रहा। फिर उसने एक तार के सहारे करंट से आत्महत्या की कोशिश की। इसमें में भी असफल होने पर बच गया। फिर किचन से उसने छोटी चाकू लेकर आत्महत्या की कोशिश की। जिसमें भी वह असफल रहा। इसके बाद बड़े चाकू से हाथ की नस काटी। फिर वह बेहोश हो गया। बताया कि इससे पहले वह 26 जनवरी को परिवार के साथ जान देने का प्रयास कर चुका है।

### मानसिक हालत ठीक नहीं, किए पर पछतावा

पुलिस को हत्यारोपी अर्जुन ने बताया कि उसकी मानसिक हालत ठीक न होने पर कुछ समझ नहीं पाया। उसे अपने किए पर पछतावा है। वहीं पुलिस उसके कर्ज के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने उसका मेडिकल कराया है। बैंकों से भी कर्ज की जानकारी पुलिस को मिली है, जांच चल रही है।

### मनोरोग चिकित्सक को दिखवाएगी पुलिस

पुलिस हत्यारोपी अर्जुन को मनोरोग चिकित्सक को दिखवाएगी। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों के न आने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। बुधवार को पति की मौजूदगी में ही पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

## विवेचना पर बचाव पक्ष ने उठाए सवाल

**कानपुर**। सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी कांड में मंगलवार को सुनवाई की गई। सपा विधायक के अधिवक्ता ने मामले की विवेचना पर सवाल उठाए। ऑसाथ ही आरोप लगाया कि मामले में सभी लोगों की न ही सीडीआर खंगाली गई और न ही सीसीटीवी फुटेज निकाले गए। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 14 फरवरी निर्धारित की है।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी फूंकने के मामले में मंगलवार को एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता करीम अहमद सिद्दकी ने कोर्ट में विवेचना के कई बिंदुओं पर आपत्ति जाहिर की। अधिवक्ता ने बताया कि आगजनी कांड की विवेचना में कई खामियां हैं। उन्होंने बताया कि मामले में विवेचक की ओर से कई कमियां मिली हैं। मामले से जुड़े सभी लोगों के कॉल डिटेल रिकार्ड (सीडीआर) नहीं लिए गए और न ही घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

# हादसों में चली गई पांच लोगों की जान

- तीन की सड़क हादसे व दो की ट्रेन से हुई मौत

कानपुर। अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई वहीं दो लोग ट्रेन की चपेट में आ गए। घटना के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। सड़क हादसों में मृत बाइक सवार हेलमेट लगाए थे, लेकिन वह चकनाचूर हो गया।



### अस्पताल कर्मी को ट्रक ने कुचल दिया

जिला हमीरपुर के विधोकर निवासी 28 वर्षीय शिवप्रताप सिंह कर्रही में रहकर एक हास्पिटल में आईसीयू स्टॉफ थे। परिजनों ने बताया कि सोमवार रात नौबस्ता थानाक्षेत्र में धोबिनपुलिया के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की जान गई

जिला फतेहपुर के बिंदकी जरौली निवासी 22 वर्षीय रिंकू सोनकर अपने भांजे के मुंडन संस्कार में दोस्त बाबू को लेकर बाइक से उत्तरीपुरा गया था। भाई सचिन ने बताया कि वापसी के समय मंधना इलाके में ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे रिंकू की मौके पर मौत हो गई।

### ट्रक में घुस गई कार

सचेंडी थानाक्षेत्र के गदनखेड़ा के रहने वाले 23 वर्षीय ज्ञानेंद्र सिंह लैपटॉप के पार्ट्स बेचने का काम करते थे। भाई शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे वह अपनी कार से नौबस्ता जा रहे थे, पीएसआईटी के पास उनकी कार एक ट्रक में घुस गई। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### लापरवाही के कारण दो की हुई मौत

गोल चौराहे के पास और गुरुदेव क्रॉसिंग पर दो लोगों की लापरवाही से जान चली गई। दोनों अपने परिवार के मुखिया थे। जल्दबाजी और शार्टकट जिंदगी पर भारी पड़ गया। रावतपुर थानाक्षेत्र के केशवनगर के रहने वाले 50 वर्षीय चंद्र प्रकाश निगम गोल चौराहे फल मंडी के पास स्थित शार्टकट से साइकिल निकालकर ट्रैक पार कर रहे थे, इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। बहन लक्ष्मी श्रीवास्तव ने बताया कि पत्नी का तलाक हो चुका है। इसी तरह रावतपुर थानाक्षेत्र में स्थित बंद गुरुदेव क्रॉसिंग नीचे से पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से कल्याणपुर के मकड़ी खेड़ा निवासी 52 वर्षीय दयाशंकर की मौत हो गई। घटना के बाद पत्नी सुषमा देवी व बच्चे अनूप व आंचल बिलखने लगीं। वह प्राइवेट नौकरी करते थे।

# एक साल से फरार 25 हजार के इनामिया हत्यारोपी को दबोचा

**कानपुर**। कर्नलगंज थानाक्षेत्र में एक वर्ष पूर्व पार्किंग के विवाद में की गई संजीव उर्फ भोलू की हत्या के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामिया रेलवे लाइन ईदगाह निवासी दयाराम को पुलिस ने सर्विलांस की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। तत्कालीन डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार ने उस पर इनाम घोषित किया था।



हत्यारोपी दयाराम।

डीसीपी सेंट्रल रामसेवक गौतम ने बताया कि पिछले वर्ष 26 फरवरी को पार्किंग विवाद के चलते पड़ोसी अशोक, अभिषेक, दुर्गा, सोनी और दयाराम ने भोलू उर्फ संजीव की लाठी डंडों और लोहे की रॉड से पिटाई कर हत्या कर दी थी।

भतीजे शीतल की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि दयाराम फरार हो गया था। इसके बाद से लगातार पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। डीसीपी ने उसके खिलाफ 25 हजार रुपये इनाम घोषित किया था। डीसीपी ने बताया कि वह अपने परिजनों से लगातार संपर्क में था। दयाराम के परिजनों ने कर्नलगंज थाने में दयाराम के लापता होने की एफआईआर दर्ज कराने के लिए कई बार तहरीर भी दी। ताकि, दयाराम की गिरफ्तारी न हो सके।

# दादानगर में खुले नाले में गिरी कार

- पुलिस ने दो घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती
- पार्टी करके युवक महिला मित्र के साथ लौट रहा था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। महिला मित्र के साथ पार्टी कर लौट रहे युवक की कार दादा नगर फैक्ट्री एरिया के पास अनियंत्रित होकर खुले नाले में जा गिरी। हादसे में दोनों लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को गोविंद नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करा परिजनों को सूचना दी।

पनकी बी ब्लॉक निवासी केशव वर्मा सोमवार को अपनी रतनपुर निवासी महिला मित्र पूजा श्रीवास्तव के साथ पार्टी में गए थे। मंगलवार तड़के चार बजे वह महिला मित्र के साथ कार से घर लौट रहे थे। दादा नगर फैक्ट्री एरिया स्थित मलिक पेट्रोल पंप के पास कार अनियंत्रित होकर खुले नाले में जा गिरी। हादसे में केशव व पूजा घायल हो गए।



खुले नाले में गिरी कार। अमृत विचार

राहगीरों की जानकारी पर दादा नगर चौकी प्रभारी अंकुर मलिक मौके पर पहुंचे और घायलों को गोविंद नगर स्थित रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि दोनों की स्थिति सामान्य है, परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है।

# सिक्योरिटी ऑफिसर की अपार्टमेंट से गिरकर मौत

- बिठूर थानाक्षेत्र में हुई घटना देवरिया के रहने वाले थे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। बिठूर थानाक्षेत्र के सिंहपुर में स्थित रुद्रा ग्रींस अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर की मौत हो गई। पुलिस ने जांच शुरू कर परिजनों को सूचना दी।

जिला देवरिया तुलसीपारा थाना खुकदू के रहने वाले 39 वर्षीय राजकुमार तिवारी रुद्रा ग्रींस अपार्टमेंट में रहते थे। सोमवार रात उनकी तीसरी मंजिल से बेसमेंट में गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बिठूर पुलिस के अनुसार राजकुमार गंगा बैराज मार्ग पर स्थित एक निर्माणाधीन अस्पताल में चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर थे। जांच में पता चला कि सोमवार को अपार्टमेंट में पार्टी चल रही थी। कई दोस्त पार्टी में शामिल थे। पार्टी खत्म होने के बाद सभी चले गए। इसी दौरान राजकुमार तीसरी मंजिल से नीचे गिर गए। पुलिस अपार्टमेंट के सीसीटीवी खंगाल रही है। इस संबंध में एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी की जांच में पता चला है कि राजकुमार तिवारी अपने कमरे में कुछ लोगों के साथ बैठकर शराब पी रहे थे। दोस्तों के चले जाने के बाद उनकी तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। प्रथम दृष्टया जांच में कोई आपराधिक कृत्य नहीं पाया गया है।

# सुसाइड केस में सूदखोर को सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- एडीजे 26 की कोर्ट ने पांच साल कैद दी, जुर्माना भी
- उधारी न देने पर हजार रुपये रोज की मांग की थी

**अमृत विचार**। सूदखोर के आतंक के परेशान होकर ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या करने के मामले में एडीजे 26 की कोर्ट ने युवक को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा व 11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वर्ष 2007 में उधारी न चुकाने पर आरोपी ने एक हजार रुपये प्रति दिन देने का युवक पर दबाव डाला था। जिससे परेशान होकर युवक ने ट्रेन के आगे आकर जान दे दी थी।

केशव नगर निवासी कप्तान सिंह का बेटा पुलक सेन सेंगर मौरंग, गिट्टी का थोक सप्लायर था। कप्तान ने बताया कि उनके बेटे का किदवई नगर एच ब्लॉक निवासी पवन यादव से लेनदेन चलता था। बताया कि पुलक सेन ने पवन से 16 हजार रुपये उधार लिए थे। कुछ समय बाद 10 हजार रुपये पवन को वापस कर दिए थे। बताया कि 17 जून 2007 को पवन आया और बकाया छह हजार रुपये की मांग करने लगा। असमर्थता जताने पर रोजाना एक हजार रुपये प्रतिदिन देने का दबाव बनाया। जिससे परेशान होकर पुलक सेन ने डायरी में सुसाइड नोट लिख कर रूमा स्टेशन के पास स्थित क्रॉसिंग पर ट्रेन के आगे आकर अपनी जान दे दी थी। पिता ने महाराजपुर थाने में पवन के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मामला एडीजे 26 प्रमोद कुमार की कोर्ट में था।

एडीजीसी भास्कर मिश्रा व अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि मृतक की डायरी से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था। जिसमें लिखा था कि मैं उधारी चुकाने में सक्षम नहीं था, जिस कारण उधार नहीं चुका पाया। मैं आत्महत्या कर रहा हूं, जिसका कारण पवन यादव है। कोर्ट ने पवन को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी पाया। कोर्ट ने दोषी को पांच साल की कैद व 11 हजार रुपये अर्थदंड का फैसला सुनाया।

## सबने यह ठाना है कुष्ठ को भगाना है

**कानपुर**। बिरहाना रोड स्थित केपीएम अस्पताल व जिला रेड क्रास सोसाइटी ने राष्ट्रीय कुष्ठ रोग निवारण कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली। रैली में हम सबने यह ठाना है कि कुष्ठ को भारत से भगाना है। एमडीटी अपनाओ-कुष्ठ मिटाओ आदि नारे लगाए आदि नारे लगाए। मास्टर ट्रेनर लखन शुक्ला ने कुष्ठ रोग के लक्षण, इलाज व रोकथाम की जानकारी दी। डॉ. दीप्ति गुप्ता, आरके सफ्फड़, डॉ. संजय यादव, संतोष सिंह, नवीन मिश्रा अनिल यादव, आकांक्षा आदि रहे।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के तरीके बताए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। रिजर्व बैंक के एकीकृत लोकपाल योजना आरबीआई विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों के निवारण के लिए एकल सुविधा है। इसके अंतर्गत समस्त वाणिज्यिक बैंक, आरआरबी अनुसूचित शहरी सरकारी बैंक एनबीएफसी डी, 100 करोड़ व उससे अधिक की परिसंपत्ति वाले एनबीएफसी एचडी एवं अन्य संस्थान आते हैं। अन्य सभी विनियमित संस्थाओं को चरणबद्ध तरीके से रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना के तहत ले जाने की प्रक्रिया जारी है। यह जानकारी मर्चेंट चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश व कानपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट समिति की ओर से मर्चेंट चैंबर में आयोजित एकीकृत लोकपाल योजना पर जागरुकता में दी गई।




एकीकृत लोकपाल योजना पर कार्यशाला हुई। अमृत विचार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यदि 30 दिन के अंदर शिकायतों का निवारण न हो तो ग्राहक लोकपाल के समक्ष शिकायत दर्ज करा सकता है। पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। सावधान रहें जागरूक बनें पुस्तिका एक संपूर्ण बुकलेट है। इस मौके पर ऑनलाइन बिक्री प्लेटफार्म प्रयोग से धोखाधड़ी, मोबाइल एप के कारण धोखाधड़ी, एटीएम कार्ड स्कीमिंग, सिम अदलाबदली, नकली सिम बनाना, सर्च इंजन के माध्यम से पासवर्ड से छेड़छाड़ करके धोखाधड़ी, क्यूआर कोड को स्कैन करके घोटाला, सोशल मीडिया के माध्यम से नकली पहचान धारण करना, चार्जिंग पोर्ट से साइबर क्राइम, लाटरी धोखाधड़ी, ऑनलाइन जॉब धोखाधड़ी के बारे में भी बताया गया। इससे बचाव के तरीके भी बताए गए। मुख्य वक्ता मुख्य महाप्रबंधक चांदिनी मूलचंदानी, आरबीआई के डीजीएम आकाश सोलंकी, लोकपाल हेमंती सरकार ने लोगों को जागरूक किया। विजय पांडेय , सीए शरद शाह, संतोष गुप्ता, डॉ. जेएन गुप्ता, पंकज अरोड़ा, बलराम अरोड़ा, महेश मेधानी, राजेश गुप्ता, महेंद्र नाथ मोदी मौजूद रहे।

# सीएम डैश बोर्ड में शहर की रैंकिंग 26 स्थान नीचे गिरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**35वीं** रैंकिंग थी दिसंबर माह में
**61वीं** रैंकिंग आई है जनवरी माह में
**74** फीसदी अंक मिले विकास कार्यों में

**अमृत विचार**। सीएम डैश बोर्ड से जारी विकास कार्यों की रैंकिंग जनवरी माह की जारी सूची में नगर की रैंकिंग और गिर गई है। दिसंबर माह में 35वीं और जनवरी में 61वीं रैंक मिली है।

प्रदेश सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करने वाले सीएम डैश बोर्ड से जारी विकास कार्यों की जनवरी माह की रैंकिंग में 74.1 फीसदी अंक के साथ नगर ने 61वीं रैंक हासिल की है। राजस्व कार्यों में 60वीं रैंक मिली है, जबकि दिसंबर में 20वीं रैंक थी। इनमें लक्ष्य के सापेक्ष काम, शिकायतों का निस्तारण कार्यों की निगरानी होती है। विकास कार्यों में 27 विभागों की 70 परियोजनाओं में दिव्यांग पेंशन, मातृत्व शिशु, बालिका सदस्य योजना, ओडीओपी वित्त पोषण, बिजली, शिक्षा, सड़क निर्माण, सामूहिक विवाह, आवास, जल जीवन मिशन, गोवंश सुपुर्तगी, कन्या सुमंगला योजना, शौचालय निर्माण में महानगर पिछड़ गया है। जनवरी माह में नगर को जो रैंक मिली है, उसकी वजह लक्ष्य के सापेक्ष कार्य न होना और शिकायतों का समय से निस्तारण नहीं होना बताया जा रहा है।

**करो मतदान** | मतदान जागरुकता अभियान के तहत निकाली रैली, मतदान की अपील

# महिला मतदाता, लोकतंत्र की भाग्य विधाता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। डीजी कालेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से मंगलवार को द्वितीय एक दिवसीय मतदाता जागरुकता शिविर का आयोजन अस्पताल घाट मलिन बस्ती में किया गया। रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

मतदाता जागरुकता शिविर का शुभारंभ उठें समाज के लिए के स्लोगन से किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अर्चना वर्मा के संरक्षण व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संगीता सिरोही के निर्देशन में छात्राओं ने कालेज से अस्पताल घाट तक रैली निकाली। छात्राओं ने महिला मतदाता, लोकतंत्र की भाग्य विधाता, जाएं-जाएं वोट डालने जाएं, अपना वोट काम में लाएं, वोट फॉर नेशन जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया।




डीजी कॉलेज से रैली निकालतीं छात्राएं। अमृत विचार

इसके बाद द्वितीय सत्र के तहत छात्राओं ने घर-घर अभियान चलाया। जिन लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची में नहीं दर्ज कराया है उनसे अनुरोध किया कि नाम जरूर दर्ज करवा लें। एक मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए अपना प्रतिनिधि चुनते समय किन बातों का ध्यान रखें इसकी जानकारी छात्राओं ने दी। कार्यक्रम में कीर्ति, आकांक्षा रहीं।

# अजय ठाकुर के गुर्गों पर 25 हजार इनाम

- पांच फरार आरोपियों पर घोषित किया इनाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। अपना दल एस की रैली में हमला करने के मामले में फरार चल रहे गैंगस्टर अजय ठाकुर पर 50 हजार का इनाम घोषित करने के बाद उसके पांच गुर्गों पर पुलिस ने 25-25 हजार का इनाम घोषित किया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस समेत चार टीमें अलग-अलग जनपदों में छापेमारी कर रही है।

50 हजार के इनाम गैंगस्टर अजय ठाकुर ने बीती 28 जनवरी को अपने साथियों के साथ मिलकर जरौली से निकाली गई अपना दल एस की रैली पर हमला बोल कर पथराव कर दिया था। पथराव के दौरान एक दर्जन से अधिक गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई थीं, जबकि चार लोग घायल हुए थे। हमले की सूचना पर पुलिस के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पीड़ित आलोक की तहरीर पर बर्रा पुलिस ने गैंगस्टर अजय ठाकुर, शिवांग ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, साहिल सोनकर उर्फ शेरा व गौतम मोगा पर हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे है। पुलिस ने गैंगस्टर पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। साथ ही सभी आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस गैंगस्टर के पुराने मामलों में जमानत खारिज कराने, गुंडा एक्ट व आरोपियों की कुर्की कराने की तैयारी में है।

**कानपुर नगर निगम**

**निविदा सूचना**

**निविदा संख्या–66/मु0अभि0/2023–24**

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023–24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023–24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

1. ई–निविदा पद्धति से अति अल्प निविदा आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :– 01 दिनांक 21.02.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट **kmc.up.nic.in** पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम कानपुर**

Ro no. 366

दिनांक: 13.02.2024

मनोज त्रिपाठी, कानपुर


# बिगड़ी जीवन शैली, बदला खानपान
# 53% जवान हड्डियों से परेशान

**अमृत विचार।** विटामिन-डी शरीर की कई प्रक्रियाओं में केंद्रीय भूमिका निभाता है। इसी कारण चिकित्सा विशेषज्ञ इसे मल्टीटास्किंग विटामिन मानते हैं, जो कई बीमारियों के निवारण में मददगार होने के साथ अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। आरामदेह दिनचर्या के कारण ही विटामिन-डी और कैल्शियम की कमी से शहरी क्षेत्र में जहां 35 साल से ज्यादा आयु के 53 फीसदी से ज्यादा लोग गठिया की बीमारी से परेशान हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में गठिया पीड़ितों की संख्या इसके मुकाबले लगभग आधी है। हम जो कुछ भी खाते-पीते हैं, उससे मिलने वाले पोषक तत्वों में विटामिन-डी भी होता है। इससे ही हड्डियों में पाया जाने वाला कैल्शियम बनता है। लेकिन असंतुलित खानपान और पौष्टिक आहार की कमी से लोगों के शरीर में विटामिन-डी कम बन रहा है, जिससे हड्डियां कमजोर हो रही हैं। इसके चलते लोगों को हड्डियों में दर्द, जोड़ों में दिक्कत है।

**लाइफ स्टाइल में बदलाव और फ्लैट संस्कृति के चलते अधिकतर लोग सुबह का सूरज नहीं देख पाते हैं, जबकि इस समय सूरज की किरणों से शरीर को सबसे ज्यादा विटामिन-डी मिलता है। देश की एक प्रतिष्ठित डायग्नोस्टिक्स लैब श्रृंखला के सर्वे के मुताबिक भारत की करीब 75 फीसदी आबादी में विटामिन-डी की कमी है, लेकिन कानपुर में यह आंकड़ा और डराने वाला है। यहां 77 फीसदी से कुछ अधिक लोग विटामिन-डी की कमी के शिकार हैं। यह संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा है।**

### शरीर में विटामिन-डी नहीं तो किसी काम का नहीं कैल्शियम

- सूर्य की किरणें ही विटामिन डी का सबसे बड़ा प्राकृतिक भंडार हैं। दूध व उससे जुड़े उत्पाद में सबसे अधिक कैल्शियम होता है, जिन्हें शरीर पूरी तरह एब्जॉर्ब करता है, इसलिए बच्चों को दूध पिलाकर धूप में जरूर खेलने दें। इससे हड्डियां मजबूत होंगी। अगर शरीर में विटामिन-डी नहीं है तो कैल्शियम हड्डी में संग्रहित नहीं होता है।




### एक किलो वजन बढ़ने से घुटने पर छह गुना असर

- चिकित्सकों के मुताबिक शरीर का एक किलो वजन बढ़ने पर घुटने पर छह किलो तक वजन का अधिक भार पड़ता है। इससे चलने फिरने में समस्या और बढ़ती है।

**75%** फीसदी भारत की करीब आबादी में विटामिन-डी की कमी है

**30** से 45 मिनट की धूप बहुत जरूरी है होती है हड्डियों की मजबूती के लिए

### युवाओं के आंकड़े डराने वाले


विटामिन डी की कमी से बुजुर्गों की तुलना में युवा कहीं अधिक प्रभावित हैं। 25 वर्ष से कम आयु के 84 फ़ीसदी युवा विटामिन डी की कमी के शिकार हैं।

## विटामिन डी और ब्रेन स्ट्रोक में संबंध तलाशने की पहल

- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के डॉक्टर विटामिन डी और ब्रेन स्ट्रोक के बीच संबंध तलाशेंगे। इसके लिए एथिक्स कमेटी ने मेडिसिन विभाग की उप प्राचार्य को अनुमति दी है।
- सर्दी के मौसम में जीवनशैली अनियमित होने से लोगों में कोलोस्ट्रोल, डायबिटीज, हाइपरटेंशन, हाई बीपी व शुगर की समस्या बढ़ जाती है।
- फरवरी माह में सर्दी घटने के बाद भी हैलट अस्पताल की मेडिसिन विभाग की ओपीडी में तेज सिर दर्द, चक्कर आने, बेहोशी व ब्रेन स्ट्रोक की समस्या से पीड़ित मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं।
- डॉक्टरों ने जब मरीजों की जांच कराई तो अधिकांश में विटामिन डी की कमी मिली। इसे देखते हुए ब्रेन स्ट्रोक और विटामिन-डी के बीच संबंध तलाशने के लिए मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों ने शोध की तैयारी की है।

### विटामिन-डी के फायदे हजार

- चिकित्सकीय अध्ययनों के अनुसार विटामिन-डी कैंसर, हृदय रोग, अल्जाइमर, मधुमेह, अवसाद, आस्टियोपोरोसिस और मोटापे जैसी बीमारियों को रोकने में अहम भूमिका निभा सकता है। इस विटामिन की कमी से शरीर में थकान, बाल झड़ना, मांसपेशियों में दर्द, चिंता, नींद की कमी, जख्म धीमी गति से भरने के अलावा इम्युनिटी कमजोर होने जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।




### आधे से पौन घंटे की धूप लेना जरूरी

- अस्थि रोग विशेषज्ञों का कहना है कि हड्डियों की मजबूती के लिए 30-45 मिनट की धूप बहुत जरूरी है। वृद्धावस्था में त्वचा में झुर्रियों की वजह से धूप में बैठने पर भी विटामिन डी नहीं बनता है।

### घर-घर आरओ का पानी भी बढ़ा रहा समस्या

- आरओ के पानी में शरीर के लिए जरूरी कैल्शियम व मैग्नीशियम जैसे तत्व नष्ट हो जाते हैं। एक शोध के मुताबिक इससे भी अस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ जाता है।

### ऑक्सलेट से भरपूर खाद्य पदार्थ हड्डियों को कर रहे कमजोर

- ऑक्सलेट से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे चॉकलेट, केक, पेस्ट्री, कुकीज आदि का अधिक सेवन भी हड्डियों को कमजोर कर सकता है। ऑक्सलेट में ऑक्सालिक एसिड होता है, जो कैल्शियम के अवशोषण को रोकता है और हड्डियों को कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाता, जिससे वह कमजोर होती हैं।

### तला-भुना खाने से भी हो रहा नुकसान

- तला-भुना और डीप फ्राई खाना भी ज्यादा खाने से हड्डियां कमजोर हो सकती हैं। तले और फ्राई किए गए खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट अधिक होता है, जो हड्डियों के लिए हानिकारक हो सकता है। ट्रांसफैट शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को कम कर देता है, जिससे हड्डियों को पोषक तत्व नहीं मिल पाते।

"ओपीडी में आए ब्रेन स्ट्रोक के अधिकांश मरीजों में विटामिन-डी की कमी मिली है। विटामिन डी की कमी की वजह से ब्रेन स्ट्रोक व डायबिटीज समेत अन्य बीमारियों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। अब इसी विषय पर मेडिसिन विभाग के डॉक्टर शोध करेंगे।

– प्रो. रिचा गिरी, उप प्राचार्य
जीएसवीएम मेडिकल कालेज

"विटामिन-डी की कमी कितनी गंभीर है, यह लक्षणों से पता चल जाता है। जैसे थकान, नींद में कमी, हड्डियों और जोड़ों में दर्द, डिप्रेशन, भूख में कमी, मांसपेशियों की कमजोरी और प्रतिरोधक क्षमता में गिरावट आदि। सूरज की रोशनी विटामिन-डी का सबसे बड़ा सोर्स है। विदेशों में इसी कारण लोग 'सन बाथ' लेते हैं। लाइफ स्टाइल और फ्लैट कल्चर के चलते लोगों को धूप मिलना बंद हो गई है।

-डॉ. राहुल कपूर

### चिकित्सकीय सलाह

शरीर में विटामिन-डी की मात्रा कम होने से कैल्शियम हड्डियों तक नहीं पहुंच पाता है। इसके लिए सूरज की रोशनी के साथ दूध, दही, पनीर, दाल और चना जैसे खाद्य पदार्थ भोजन में अवश्य शामिल करें। नान वेजेटेरियन अपने भोजन में सी-फूड और मछली को शामिल कर सकते हैं। यदि आप रोज धूप लेते हैं और मोटे अनाज जैसे मक्का, जौ, चना, बाजरा, ज्वार का सेवन करते हैं, तो हड्डी से संबंधित दिक्कत होने की संभावना कम हो जाती है।



### मजबूत हड्डियां शरीर की जान

- मजबूत हड्डियां शरीर के लिए बेहद जरूरी हैं। यह शारीरिक संरचना प्रदान करने, अंगों की रक्षा, मांसपेशियों को समायोजित करने और कैल्शियम के भंडारण जैसे काम करती हैं। इससे शरीर सही ढंग से मूवमेंट कर पाता है। 30 साल की उम्र के बाद हड्डियां ज्यादा मात्रा में खनिजों को अवशोषित नहीं कर पाती हैं।

**30** की उम्र के बाद हड्डियां ज्यादा मात्रा में खनिज नहीं अवशोषित कर पाती हैं




विटामिन-डी सूर्य के संपर्क में आने पर त्वचा में संश्लेषित होता है

---

## एक नजर

### यूपीटीईटी में कंप्यूटर साइंस ब्रांच खुलने का रास्ता साफ

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (यूपीटीईटी) में छात्र-छात्राओं के लिए नए सत्र 2024-25 से कंप्यूटर साइंस में भी प्रवेश मिलने का रास्ता खुल गया है। संस्थान में कंप्यूटर साइंस को नई ब्रांच के रूप में स्थापित करने की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पहले सत्र में 60 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक कंप्यूटर साइंस की ब्रांच शुरू करने के लिए संस्थान को एकेटीयू और शासन से अनापत्ति मिलने के साथ एआईसीटीई से मंजूरी मिल गई है। बीते 10 साल में संस्थान को पहली बार टेक्सटाइल से इतर इंजीनियरिंग की किसी अन्य ब्रांच को शुरू करने की अनुमति मिली है।

### मवेशी से कुकर्म के आरोपी की जमानत निरस्त

**कानपुर।** मवेशी के साथ कुकर्म के आरोपी की जमानत याचिका मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश छह की कोर्ट ने निरस्त कर दी। बर्रा सात सब्जी मंडी में स्थित चट्टे में मवेशी के साथ कुकर्म करने के मामले में मोहित जायसवाल ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी भीम गुप्ता उर्फ राकेश को जेल भेजा गया था। राकेश ने अपर सत्र न्यायाधीश छह अवनीश कुमार की कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

## समय प्रबंधन, छोड़ा मोबाइल तो पाए 99 परसेंटाइल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जेईई मेंस सेशन-एक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावियों की बात

**अमृत विचार।** जेईई मेंस सेशन-1 परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। शहर में ज्यादातर युवाओं ने 99 या इससे ऊपर परसेंटाइल के साथ सफलता हासिल की है। अधिकतर मेधावियों ने सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ बेहतर समय प्रबंधन को दिया है। मेधावियों ने यह भी बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान उन लोगों ने महत्वपूर्ण ऐप को छोड़कर मोबाइल से दूरी बना रखी थी।

### सोशल मीडिया से बनाई दूरी



पी रोड निवासी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने तैयारी के लिए लगभग तीन सालो तक मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बना रखी थी। उनका मानना है कि मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ध्यान बुरी तरह से बांटते हैं। मोबाइल फोन औसतन दिन में 2 से 3 घंटा बर्बाद करता है।

–वैभव श्रीवास्तव

### तैयारी में फोकस जरूरी



नमक फैक्ट्री चौराहा निवासी मेधावी सोइनदीप हलधर ने बताया कि सफलता के लिए तैयारी पर फोकस रहना जरूरी है। उन्होंने रोज 10 से 12 घंटे पढ़ाई की। तैयारी में निरंतरता बनाए रखते हुए विषयवार पढ़ाई करनी चाहिए। इसके लिए एक कठिन टाइम टेबल बनाना बहुत जरूरी है।

–सोइनदीप हलधर

### गलतियों से सीखना चाहिए



पी रोड निवासी अरिहंत श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने ज्यादा से ज्यादा टेस्ट पेपर को सॉल्व किया। इससे गलतियों का पता चलता है। धीरे-धीरे उन गलतियों को दूर किया जाए तो परीक्षा के दौरान पेपर हल करने में बहुत सहायता मिलती है। इस परीक्षा में समय बहुत महत्वपूर्ण है।

– अरिहंत श्रीवास्तव

## घबराहट, सीने में दर्द और सांस लेने में दिक्कत पर हो जाएं सतर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अस्पताल पहुंचे मरीज को अगर घबराहट, अधिक पसीना, सांस लेने में दिक्कत, सीने में दर्द या बेचैनी जैसी समस्या हो तो सभी डॉक्टरों को तुरंत सतर्क हो जाना चाहिए। मरीज की सबसे पहले ईसीजी जांच करनी चाहिए। यह जानकारी फिजियोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.डॉली रस्तोगी ने जीएसवीएम के रेजिडेंटस को दी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के फिजियोलॉजी विभाग में मंगलवार को कार्यशाला में कार्डियोलॉजी संस्थान के डॉ.मोहित सचान ने रेजिडेंटस को बताया कि ईसीजी हृदय में विद्युत संकेतों को रिकॉर्ड करती है। इस टेस्ट से जाना जा सकता है कि दिल कितनी तेजी से धड़क रहा है। विद्युत आवेग किस प्रकार के हैं। ईसीजी में परिवर्तन हृदय संबंधित कई स्थितियों का संकेत हो सकता है।




बोर्ड पर डायग्राम बनाकर समझाते डॉ.मोहित सचान। अमृत विचार

वहीं, ईसीजी की मदद से दिल तक रक्त पहुंचाने वाली रक्त वाहिकाओं में परेशानी, ऑक्सीजन की कमी, नसों में ब्लॉकेज, टिशूज की असामान्य स्थिति, सीने में तेज दर्द या सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हार्ट अटैक जैसी स्थितियों का भी पता लगाया जाता है। फिजियोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.डॉली रस्तोगी ने बताया कि समय रहते इलाज शुरू करने से मरीज जल्द ठीक होते हैं। कार्यशाला में डॉ.आतोष कुमार, डॉ.जयवर्द्धन सिंह, डॉ.प्रीति कनौजिया, डॉ.अनुपमा गुप्ता समेत रेजिडेंटस मौजूद रहे।

## हार्ट अटैक और सांस की दिक्कत से चार की मौत

कार्यालय संवाददता, कानपुर

- 40 हार्ट अटैक के मरीज कार्डियोलॉजी संस्थान में औसतन रोज पहुंच रहे

**अमृत विचार।** मौसम में हो रहा परिवर्तन लोगों को बीमार करने के साथ जानलेवा हो गया है। मंगलवार को घर के दरवाजे पर गिरकर बेहोश हुए दो लोग कार्डियोलॉजी संस्थान तक नहीं पहुंच सके और हार्ट अटैक से जान चली गई। दो सांस रोगियों ने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

हैलट व उर्सला अस्पताल की ओपीडी में ऐसे तमाम मरीज इलाज कराने को पहुंच रहे हैं, जिनकों सांस लेने में तकलीफ हो रही है। कार्डियोलॉजी संस्थान में प्रतिदिन औसतन 40 मरीज हार्ट अटैक के पहुंच रहे हैं। इसकी मुख्य वजह नसों में खून का ठीक तरह से प्रवाह न होना है। सिविल लाइंस निवासी मुकुंदलाल (49) बाइक से घर पहुंचे और दरवाजे पर गिरकर अचानक बेहोश हो गए। परिजन तत्काल दौड़े और उनको कार्डियोलॉजी संस्थान ले जाने लगे। रास्ते में मौत हो गई। परिजन बृज किशोर के मुताबिक मुकुंदलाल को कोई बीमारी नहीं थी। वह अचानक गिरे और मौत हो गई। शिवराजपुर में बिंदेश्वरी (51) की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई। उधर, वायरल संक्रमण की वजह से सांस न लेने की समस्या से ग्रस्त शैलेंद्र (56) का इलाज उर्सला अस्पताल में चल रहा था, पर मौत हो गई।

## एमएसएमई के नए कानून के विरोध में कपड़ा व्यापारी



सांसद सत्यदेव पचौरी को ज्ञापन देते कारोबारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एमएसएमई के नए कानून में संशोधन के लिए कानपुर कपड़ा कमेटी का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को सांसद सत्यदेव पचौरी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि नया कानून व्यापारी हित में नहीं है। वित्तमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद को सौंपा गया।

कमेटी के अध्यक्ष अमित दोसर ने कहा कि कपड़े का व्यापार उधार का है। उत्पादन से लेकर पैसा प्राप्त करने तक करीब 5-6 माह लगता है। सरकार ने इनकम टैक्स की धारा 43बी (एच) में जो प्रावधान किया है वह न्यायोचित नहीं है। उन्होंने कहा कि धारा 43बी (एच) में जो प्रावधान 15 से 45 दिन में भुगतान करने का है, इसे हटाया जाए या सीमा न्यूनतम 90 दिन की जाए। धारा 43बी (एच) को एक अप्रैल 2023 से लागू कर दिया गया था, मगर व्यापारियों व उद्यमियों के संज्ञान में अभी आया है। ऐसे में कैसे नियमानुसार 45 दिन के अंदर भुगतान कर सकेंगे।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा** | कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी ने दिया स्वागत और सभा की तैयारी को अंतिम रूप

## राहुल का शहर में जनता से रिश्ता जोड़ने पर जोर

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के शहर में स्वागत और घंटाघर चौराहे पर सभा की कांग्रेस ने तैयारी पूरी कर ली है। कांग्रेस की कोशिश है कि राहुल को ज्यादा से ज्यादा जनता के बीच ले जाया जाए और संवाद कराया जाए। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी ने बताया कि 22 से यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को देखते हुए प्रदेश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अब 11 दिन के बजाय छह दिन ही रहेगी। पहले यात्रा 16 से 26 फरवरी तक होनी थी लेकिन अब 21 फरवरी तक ही राज्य में रहेगी। न्याय यात्रा उन्नाव से शुक्लागंज होते हुए 21 फरवरी को कानपुर में प्रवेश करेगी। राहुल घंटाघर में सभा संबोधित करेंगे।




बैठक को संबोधित करते पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

**16 को चंदौली पहुंचेंगे सैकड़ों कांग्रेसी:** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और यूपी प्रभारी नीलांशु चतुर्वेदी ने तिलकहाल में बैठक की। इसमें कानपुर महानगर उत्तर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज जिला कमेटियों के अध्यक्ष और प्रभारी शामिल रहे। बैठक में यात्रा के स्वागत और सभी की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में कानपुर व देहात के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, अमित पाण्डेय व नरेश कटियार मौजूद रहे। चंदौली मे यात्रा के प्रवेश करने पर शहर से एक हजार कांग्रेसजनों के जाने की घोषणा की गई। शहर में झाड़ी बाबा पड़ाव पर यात्रा के प्रवेश पर भव्य स्वागत और घंटाघर में जनसभा के साथ यात्रा के निर्धारित मार्ग नरौना चौराहा माल रोड, कोपरगंज, झकरकटी, जरीब चौकी, कालपी रोड, फजलगंज, विजय नगर चैराहा, पनकी भौती सचेंडी, किसान नगर तक के मार्ग को तिरंगे झंडे व झंडियो से सजाने का निर्णय हुआ। बैठक में नगर लोकसभा क्षेत्र प्रभारी संतराम नीलांचल व राहुल राय के अतिरिक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सोहिल अख्तर अंसारी, संजीव दरियाबादी, प्रदेश महासचिव जेपी पाल, कनिष्क पाण्डेय, प्रदेश सचिव अशोक निषाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर दत्त मिश्र, पवन गुप्ता, मदन मोहन शुक्ला, नरेश त्रिपाठी, विकास अवस्थी, नीतम सचान, अम्बरीश गौर, महेश मेघानी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल माबूद रहे।

### सात कमेटियों में कानपुर के नेताओं को जिम्मेदारी

- न्याय यात्रा के लिए कांग्रेस ने प्रदेश स्तर पर सात कमेटियां गठित की हैं। समन्वय समिति में राजीव शुक्ला और अजय कपूर हैं। अन्य कमेटियों में कानपुर से भूधरनारायण मिश्रा (पूर्व विधायक), करिश्मा ठाकुर, विकास अवस्थी, शरद मिश्रा, सोहिल अंसारी, आलोक मिश्रा, संजीव दरियाबादी, पवन गुप्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है।

## मोतीझील में 30 बेड वाला सीनियर सिटीजन केयर सेंटर बनकर तैयार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को तुलसी उपवन में मोतीझील मेट्रो स्टेशन के पीछे निर्मित सीनियर सिटीजन केयर सेन्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह सेंटर 30 बेड क्षमता का है। इसमें लाइब्रेरी, कैफेटेरिया, जिम, डिस्पेंसरी, योगा क्लास रूम, स्त्री पुरूष शौचालय, स्टोर रूम, किचन एवं मल्टीपर्पस हाल का निर्माण पूरा हो चुका है। फ्लोरिंग एवं रूफ शेड का कार्य प्रगति पर है। इस महीने के अंत तक लोगों को सेंटर सौंप दिया जाएगा।

नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिये गए कि सीनियर सिटीजन केयर सेंटर के बाहर हरियाली की जाए।



सीनियर सिटीजन केयर सेंटर का निरीक्षण करते नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

- नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, तुलसी उपवन में इसी माह मिलेगी सौगात

मुख्य द्वारा के पास निर्माण सामग्री हटाकर घास लगाई जाए। सेंटर में फर्नीचर का कार्य एक सप्ताह में पूरा करने के साथ ही इंडोर गेम्स के लिए शतरंज, लूडो, कैरम, हट के नीचे झूले लगाए जाएं। ओपेन जिम एवं चारों ओर फेन्सिंग करने के भी नगर आयुक्त ने निर्देश दिये। निरीक्षण में डा. वीके सिंह, उद्यान अधीक्षक साथ रहे।

## एक नजर

### दो बदमाशों को छह माह के लिए किया जिला बदर

**कानपुर।** संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चन्दर के आदेश पर दो शातिर अपराधी गगन सचान उर्फ अमरेंद्र कुमार निवासी ग्राम बडैला मजरा दहेली थाना घाटमपुर और ललित उर्फ छोटू निवासी गोपाल नगर नौबस्ता को छह-छह माह के लिए जिला बदर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि उनके शहर में रहते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### हलवाई को किया मरणासन्न, रिपोर्ट

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह के दौरान वेटर पक्ष ने हलवाई को बेल्चा और रॉड से पीटकर मरणासन्न कर दिया। घायल की मां ने गेस्ट हाउस मालिक समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम अलमापुर रास्तपुर निवासिनी शिवदेवी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा नीरज हलवाई का काम करता है। 12 फरवरी को नीरज अपने साथियों के साथ प्रबल पैलेस कल्यानपुर में काम कर रहा था। वहां वेटरों और हलवाई के साथियों में कहासुनी हो गई। नीरज बीच बचाव करने लगा। तभी ठेकेदार आजाद नाम के व्यक्ति ने लोहे के बेल्चे और रॉड से वार कर दिया। अन्य लोगों ने भी पीटा।

# डॉ. प्रियरंजन को हाईकोर्ट ने दे दी सशर्त जमानत

## चकेरी के किसान बाबूसिंह आत्महत्या प्रकरण में फरार था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● मामले की अगली सुनवाई चार अप्रैल को होगी

**अमृत विचार।** चकेरी के किसान बाबू सिंह आत्महत्या प्रकरण में महीनों से फरार चल रहे एक लाख के इनामी पूर्व भाजपा नेता डॉ. प्रियरंजन आशु दिवाकर को हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत दे दी है। आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने दिए। कोर्ट ने आशु दिवाकर को 50 हजार के बांड और दो जमानतदारों की शर्त पर जमानत दे दी है।


प्रियरंजन दिवाकर।

चकेरी गांव निवासी किसान बाबू सिंह यादव ने बीते नौ सितंबर को आत्महत्या कर ली थी। बाबू सिंह की पत्नी बिटान देवी, बेटी रूबी व काजल ने तत्कालीन भाजपा नेता डॉ. प्रियरंजन उर्फ आशु दिवाकर पर धोखाधड़ी कर करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप लगाया था। आरोप था कि इसी कारण बाबूसिंह ने ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दे दी थी। मामले के आरोपी मधुर पांडेय, राहुल जैन, जितेंद्र, शिवम सिंह चौहान को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं बब्लू व घटना का मुख्य आरोपी प्रियरंजन आशु दिवाकर अब तक पुलिस की गिरफ्त से दूर है। घटना के पांच माह बीतने के बाद भी पुलिस फरार आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। पुलिस की लचर पैरवी के कारण उसे जमानत मिल गई है। आरोप पत्र दाखिल होने तक यह राहत बरकरार रहेगी। मामले की अगली सुनवाई चार अप्रैल को होगी।

### अधिवक्ता ने दिया तर्क झूठा फंसाया गया था

प्रियरंजन आशु दिवाकर के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में तर्क दिया कि मामले की जांच अभी लंबित है। इसके साथ ही मामले के सह आरोपी राहुल जैन, मधुर पांडेय, जितेंद्र यादव को पहले ही जमानत दी जा चुकी है। कहा गया कि मामले में प्रियरंजन को झूठा फंसाया गया है। सह आरोपियों को जमानत मिलने पर प्रियरंजन को भी जमानत मिलनी चाहिए। जिस पर हाईकोर्ट ने प्रियरंजन को सशर्त जमानत दी।

### 12 दिसंबर को घर पर प्रेस कांफ्रेस की थी

पहले भी प्रियरंजन हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे ले चुका है। हाईकोर्ट से स्टे मिलने के बाद आशु दिवाकर ने 12 दिसंबर को पुलिस के सामने ही अपने घर पर प्रेस कांफ्रेस की थी और इसके बाद फरार हो गया था। जिसके बाद से इनामी फरार चल रहा है।

# गड्ढे में मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका


मौके पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचारः** कानपुर-इटावा हाईवे पर खोजाफूल गांव के पास मंगलवार की सुबह एक गड्ढे में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के साथ ही शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक पहचान नहीं हो सकी। मौके के हालात देखने के बाद ग्रामीण हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जाहिर कर रहे हैं। हालांकि पुलिस प्रारंभिक तौर पर हादसा बता रही है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के खोजाफूल गांव के पास कानपुर-इटावा हाईवे के किनारे एक गड्ढे में मंगलवार की सुबह 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। गांव के लोग उधर से गुजरे तो शव पड़ा देखा। लाश की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर बारीकी से छानबीन कराई। फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल कर साक्ष्य संकलित किए। बताते हैं कि युवक की पीठ पूरी तरह से काली पड़ी थी। ग्रामीणों की माने तो हत्या करके शव हाईवे के किनारे फेंका गया है। मौके पर छानबीन करने के साथ ही पुलिस युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर जुटे लोग उसकी पहचान नहीं कर सके।

# आज सजेगी आइकॉनिक अवार्ड की शाम, सिंगिंग फैशन का चलेगा जादू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ रेडियो अड्डा की ओर से वेलेंटाइन डे पर आयोजित किया जा रहा यूपी ऑइकॉनिक आवार्ड-2024

▸▸ लाजपत भवन में होगा कार्यक्रम, सोशल वर्कर, अधिकारी व सेलिब्रिटी होंगे सम्मानित

**अमृत विचार।** लाजपत भवन में बुधवार की शाम यूपी ऑइकॉनिक अवार्ड-2024 के नाम होगी। इस दौरान जहां सारेगामापा के फाइनलिस्ट जुबेर हाशमी के सुरों का जादू चलेगा तो वहीं मॉडल प्रिया शुक्ला और पूर्णिमा राजपूत की वॉक रैंप पर जादू बिखेरेगी। रेडियो अड्डा की ओर से वेलेंटाइन डे पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सोशल वर्कर, अधिकारी, सेलिब्रिटी व अपने क्षेत्रों में अच्छा करने वाले सम्मानित किये जाएंगे। इस कार्यक्रम में शहर की प्रतिभा को भी मंच दिया जाएगा। मिस्टर और मिस आईकॉनिक और बेस्ट वेलेंटाइन वाक को भी अवार्ड दिया जाएगा। इवेंट का मीडिया पार्टनर अमृत विचार है।

रेडियो जैकी दिलीप ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बिठूर विधानसभा विधायक अभिजीत सिंह सांगा शामिल होंगे। कार्यक्रम में इंटरटेनमेंट, मीडिया, सोशल वर्क, हास्पिलिटी, हेल्थ केयर, रियल स्टेट, इंटरप्रिन्योरशिप, ब्यूटी एंड वेलनेस, एग्रीकल्चर, एजुकेशन, आर्ट्स, एनजीओ, कारपोरेट्स केटेगरी में अवार्ड दिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि कॉमन वेल्थ गेम में मेडल जीत चुके और कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को इस दौरान द रियल हिरोज अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा।

इसके साथ ही टीवी अभिनेता विश्वजीत सोनी और सलीम जैदी (भाभीजी घर पर हैं) सेलिब्रिटी, फैशन कोरियोग्राफर सैम विलियम्स, मॉडल और श्रेया शुक्ला, रेडियो जॉकी सुगंधा, रेडियो जॉकी विश्वनाथ गोराई, सौम्या टंडन, शैक्षिक प्रेरक डॉ. शेखर श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ से सामाजिक कार्यकर्ता कमील खान को भी अवॉर्ड दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रेडियो अड्डा इससे पहले भी इस तरह के कार्यक्रम करवाता रहा है। कार्यक्रम में दिल्ली, छत्तीसगढ़ और बिहार से भी लोग शामिल होने शहर आएंगे।

# ट्रैफिक डायवर्जन के लिए किया निरीक्षण, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दूसरे कॉरिडोर को लेकर मेट्रो ने काम शुरू कर दिया है। देवकी टॉकीज रोड पर मेट्रो ने खोदाई भी शुरू कर दी है। इसको लेकर देवकी चौराहे से नीरक्षीर चौराहे तक दो साल के लिए लिए ट्रैफिक डायवर्जन किया जाना है। मंगलवार को डीसीपी ट्रैफिक ने काकादेव का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

सीएसए से बर्रा आठ तक के इस रूट पर काकादेव भूमिगत मेट्रो स्टेशन निर्माण के लिए यह डायवर्जन लिया जाएगा। इसे लागू करने की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। सिर्फ यातायात विभाग की हरी झंडी मिलने का इंतजार है। मेट्रो के अनुसार डीसीपी ट्रैफिक की अनुमति के बाद डायवर्जन लागू कर दिया जाएगा।

तीन मेट्रो स्टेशनों और दो सुरंगों (अप एवं डाउन लाइन मेट्रो ट्रैक) के निर्माण की तैयारियां तेज हो गई हैं। ठेकेदार कंपनी केपीआईएल-गुलेरमैक इस रूट में मिट्टी परीक्षण कर रही है। इस कॉरिडोर के तीन भूमिगत मेट्रो स्टेशनों में से रावतपुर स्टेशन रोडवेज वर्कशॉप की जमीन पर बनेगा। इसी तरह डबल पुलिया भूमिगत मेट्रो स्टेशन निर्माण के लिए खोदाई शुरू कराने की योजना है, जबकि काकादेव मेट्रो स्टेशन नीरक्षीर चौराहे की तरफ देवकी टॉकीज के कुछ आगे तक बनेगा। यूपीएमआरसी के मुख्य परियोजना प्रबंधक तीन अजहर सरताज ने डायवर्जन की जल्द से जल्द अनुमति मांगी है।


चौराहे का निरीक्षण करती डीसीपी ट्रैफिक। अमृत विचार

### आज बंद रहेगा बारादेवी से गौशाला जाने वाला रास्ता

मेट्रो निर्माण कार्य के चलते बारादेवी से गौशाला चौराहे की ओर जाने वाला रास्ता एक दिन के लिए बंद कर दिया गया है। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि मेट्रो निर्माण कार्य के कारण 14 फरवरी रात 12 बजे से 15 फरवरी सुबह आठ बजे तक बारादेवी से गौशाला चौराहे की ओर जाने वाला रास्ता बंद रहेगा। गौशाला की ओर जाने के लिए बारादेवी से साइट नंबर वन, लार्फिंग बुद्धा एकेडमी के सामने वाले रास्ते से जाकर गौशाला मार्ग से दाहिन मुड़ कर गौशाला चौराहे से जा सकेंगें।

### इस तरह रहेगा डायवर्जन

- रेवमोती से नीरक्षीर की ओर जाने वाले वाहन देवकी चौराहे से बाएं होकर काकादेव बीमा अस्पताल से होते हुए जाएंगे।
- डबल पुलिया की तरफ से रावतपुर गुटैया क्रासिंग की ओर जाने वाले वाहन नीरक्षीर चौराहे से बाएं मुड़कर टिप्सा ऑफिस, काकादेव कोचिंग मंडी, भदौरिया चौराहा, गणेश मंदिर रोड होते हुए देवकी चौराहा पहुंचेंगे।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

मंगलवार को डीएम राकेश सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में यातायात सुरक्षा के लिए पूर्व में सुधार के लिए दिए गए निर्देशों की समीक्षा की गई। बैठक में आरटीओ, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे। इसे ये सुझाव आए।

- चकेरी एयरपोर्ट संपर्क मार्ग की शुरुआत में स्थित कट को बंद कर लगभग 200 मीटर आगे कट बनाया जाए।
- सभी राष्ट्रीय मार्गों पर सड़क सुरक्षा संबंधित पर्याप्त साइनेज बोर्ड लगाये जाएं।
- मंधना-गंगा बैराज मार्ग में लाइटिंग की व्यवस्था का अतिरिक्त प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने का निर्देश पीडब्ल्यूडी को दिया गया।
- बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को स्कूलों व कालेजों के विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित कराकर लोगों को यातयाता नियमों के लिए जागरूक किया जाए।
- कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर पर पतारा में पैदल फुटओवरब्रिज बनाये जाने के निर्देश दिए गए।
- नगर निगम को शहर के विभिन्न मार्गों पर लगाये गये अवैध विज्ञापन बोर्डों को अभियान चलाकर हटाने व अवैध विज्ञापन बोर्ड लगाने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

# एचबीटीयू नए सत्र से शुरू करेगा दो नए कोर्स

**कानपुर।** एचबीटीयू नए सत्र से दो नए पाठ्यक्रम ऊर्जा और पर्यावरण विज्ञान की शुरुआत करेगा। डिप्लोमा धारी को बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग भी शामिल है। संस्थान के विद्या परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान विद्या परिषद के पदाधिकारी और सदस्यों की ओर से एक महत्वपूर्ण निर्णय और लिया गया। डिप्लोमा धारी को बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम से नौकरी कर रहे 'जेई' रैंक के अफसर लाभान्वित हो सकेंगे। ऐसे लाभार्थी जो इस वक्त सरकारी या प्राइवेट नौकरी कर रहे हैं। उन्हें भी संस्थान शैक्षणिक सुविधा पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रदान करेगा। यह सुविधा उन नौकरीपेशा लोगों को मिल सकेगी जो संस्थान के 50 किमी दायरे में रह रहे हैं।

## सार-संक्षेप


स्कूल में बच्चों ने सरस्वती वंदना की। अमृत विचार

### बच्चों ने मोह लिया मन

**कानपुर।** बर्रा स्थित ऑलब्राइट ग्लोबल स्कूल में मंगलवार को वसंत पंचमी का आयोजन किया गया। बच्चों ने नृत्य- गीत, गायन, कविताएं सुनाकर मन मोह लिया। प्रधानाचार्या दिव्या मिश्रा ने सरस्वती वन्दना गाकर व आरती करके पूजा सम्पन्न की। इस विशेष दिन का महत्व सभी बच्चों को बताया | इस अवसर पर अमिता मानसी व प्रीति मौजूद रहीं।


रिटायर शिक्षकों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

### 12 रिटायर शिक्षकों का हुआ सम्मान

**कानपुर।** वीएसएसडी कॉलेज में मंगलवार को शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें 12 रिटायर शिक्षक और 33 नए आए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विपिन चंद्र कौशिक ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सचिव प्रोफेसर विवेक द्विवेदी ने शिरकत की। सेवानिवृत्त शिक्षकों केके तिवारी, डॉ छाया जैन, डॉ एएस भटनागर, डॉ सुप्रिया शुक्ला, डॉ प्रशांत त्रिपाठी, प्रो0 राजीव शुक्ला, प्रो आरएम त्रिपाठी, प्रो0 इन्द्रजीत चौरसिया सहित 21 सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष पीएन त्रिवेदी, प्रो अनिल मिश्रा, आलोक मालवीय, प्रो. वी के कटियार सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्रदेश उपाध्यक्ष बने अर्पित यादव



**कानपुर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से कानपुर के सपा नेता व पूर्व पार्षद अर्पित यादव को समाजवादी युवजन सभा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। बर्रा विश्व बैंक निवासी अर्पित यादव समाजवादी पार्टी में काफी वर्षों से सक्रिय राजनीति कर रहे है। इस पर पूर्व सांसद राजाराम पाल, ग्रामीण जिलाध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला, महानगर अध्यक्ष फजल महमूद, विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक हसन रूमी, पूर्व विधायक सतीश निगम, बंटी यादव, बंटी सेंगर व वरूण सिंह ने खुशी जाहिर की।

### महिला की सर्जरी कर डॉक्टरों ने बचाई जान

**कानपुर।** फर्रुखाबाद निवासी राम मुरली की पत्नी रीमा (42) के पेट में खून के थक्के की गांठ थीं, जो बच्चेदानी से बाहर फैल कर अंडाशय व फेलोपियन ट्यूब को भी नुकसान पहुंचा रही थी, जिसकी वजह से महिला को मासिक धर्म के दौरान व पेडु में अत्यधिक असहनीय दर्द होता था। फर्रुखाबाद व लखनऊ में ऑपरेशन कराने के बाद भी महिला को इलाज नहीं मिला। वह दो फरवरी को जच्चा-बच्चा अस्पताल की ओपीडी में पहुंची, यहां पर डॉ.दिव्या द्विवेदी ने इलाज शुरू किया। पांच फरवरी को डॉ.दिव्या, डॉ.पविका लाल, डॉ. शैली अग्रवाल, डॉ. शालिनी, डॉ. बुशरा, डॉ. श्वेता व डॉ. सुरभि ने महिला की सर्जरी की। डॉ. शैली अग्रवाल के मुताबिक महिला की आंत, ओमेंटम, बच्चेदानी, गांठ व पेशाब की थैली आदि अंग एक दूसरे से चिपके हुए थे, जिसको सफलतापूर्वक सुरक्षित तरह से ट्यूमर व बच्चेदानी को निकाला गया। 13 फरवरी को मरीज को छुट्टी दी गई।

# चम्मच के लिए मारपीट धार्मिक नारेबाजी भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● रामादेवी के एक होटल में हुआ विवाद

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में मंगलवार रात रामादेवी में दूसरे समुदाय के युवक ने होटल संचालक से चम्मच मांगा। इस पर विवाद खड़ा हो गया। बताया जा रहा हैक कि आरोपी होटल संचालक ने युवक को लाठी डंडों से जमकर मारापीटा। आरोप है कि धार्मिक नारेबाजी भी की। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ शिकायत की है।

बाबूपुरवा के चाररॉड निवासी मूसा खान रामादेवी स्थित एक फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को वह खाना खाने के लिए होटल में चम्मच मांगा। इस दौरान होटल संचालक ने उनसे गाली गलौज की। आरोपी ने कर्मचारियों के साथ मिलकर उन्हें लाठी-डंडों से जमकर मारापीटा। इस पर मूसा ने अपने परिजनों को फोन कर बताया। फिर परिजन होटल पहुंचे तो आरोपी ने उनसे भी अभद्रता की। साथ ही दूसरे पीड़ित दूसरे समुदाय का होने के कारण आरोपी ने धार्मिक नारेबाजी की। जिसके बाद पीड़ित ने चकेरी थाने में मामले की शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्जकर होटल संचालक अजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। धार्मिक नारेबाजी करने की बात गलत है।

# पोल समेत 20 फुट से गिरा कर्मचारी

**कानपुर।** बिधनू थानाक्षेत्र में विद्युत पोल पर चढ़कर काम करते समय कर्मचारी 20 फुट से नीचे पोल समेत गिर गया। हैलट में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बिहार के माधोपुर के खापुर किशनपुर रतवारा निवासी 37 वर्षीय पवन कुमार सिंह आरडीएसएस योजना के तहत किए जा रहे बिजली के काम में पोल और तार डालने का काम कर रहा था। परिजनों ने बताया कि इन दिनों वह बिधनू थानाक्षेत्र के अफजलपुर के पास काम कर रहा था।

वह 20 फुट ऊपर विद्युत पोल पर चढ़कर पैनल की फिटिंग कर रहा था। इसी दौरान वह पोल समेत नीचे सड़क पर गिर गया। साथी कर्मचारियों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। हैलट रेफर करने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# आरटीई आवेदनों का 19 से सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● आवेदनों की जांच के बाद 26 को लॉटरी

**25** फरवरी तक होगा सत्यापन कार्य

**26** को होगा प्रवेश लिए चयन

**7700** सीटों पर होना है प्रवेश

**अमृत विचार।** अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत पहले चरण के आवेदनों का सत्यापन कार्य 19 से शुरू होगा। 19 से 25 फरवरी तक चलने वाले सत्यापन कार्य के बाद प्रवेश के लिए चयन 26 को होगा। निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश 6 मार्च से होंगे।

प्रशासन की ओर से इस बार सत्यापन कार्य के पहले ही कमेटी का गठन कर दिया है। इस कमेटी में एडीएम सिटी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और सभी एसीएम को सदस्य बनाया गया है।

निजी स्कूल किसी तरह की मनमानी नहीं बरत सकेंगे। निजी स्कूलों की ओर से प्रवेश न लेने की शिकायत का तुरंत ही कमेटी संज्ञान लेकर स्कूल पर कार्रवाई करेगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि अभिभावकों की शिकायत करने पर तुरंत ही स्कूल पर कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों पर नजर रखने के लिए विभागीय टीम का भी गठन किया गया है। आरटीई के तहत दूसरे चरण के लिए एक से 30 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन भरे जाएंगे। इसके बाद एक से सात अप्रैल तक आवेदनों की जांच की जाएगी। आठ अप्रैल को लॉटरी डाली जाएगी और प्रवेश के लिए 17 अप्रैल की तारीख निर्धारित की गई है।

### 7700 सीटों पर होंगे प्रवेश

जिले में इस बार 7700 सीटों पर लाभार्थियों का प्रवेश कराया जाएगा। पिछले शैक्षणिक सत्र में 1250 प्रवेश छात्रों के कम हुए थे। शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक लाभार्थियों को प्रवेश दिलाया जाएगा।

### स्कूलों ने की थी मनमानी

पिछले शैक्षणिक सत्र में शहर के 13 नामी निजी स्कूलों ने प्रवेश लेने के लिए अभिभावकों को दौड़ाया था। अभिभावकों की परेशानियों को देखते हुए जिला प्रशासन को भी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आदेश दिया था। मान्यता तक बात आने के बाद प्रवेश लिए गए थे।

जन्मोत्सव — करौली शंकर महादेव धाम के पंच दिवसीय उत्सव में भजनों की धूम मची

# डमरू वाले, ओ काशी वाले, मेरा परिवार तेरे हवाले...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर-करौली शंकर महादेव धाम में बाबा राधा रमण मिश्र के 140 वें जन्मोत्सव पर चेक गणराज्य, अमेरिका, नेपाल, हांगकांग, दुबई आदि देशों के श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति प्रदान की और करौली शंकर महादेव का आशीर्वाद लिया। सुप्रसिद्ध भजन गायकों पप्पू बेधड़क व सोनू महाकाल ने भजन सुनाकर हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया। शिव तांडव की झांकी भी प्रस्तुत की गई।

गायकों ने यारी की है तो यारी निभाना कभी न होशियारी दिखाना डमरू वाले ओ काशी वाले परिवार मेरा तेरे हवाले, सारी दुनिया को तूने है तारा मेरा भी आज हाथ पकड़ ले..., बता दो हनुमान कैसे लंका जली और गली गली में धूम मची है करौली सरकार की, श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में व चंदा सा मुखड़ा ब्राइट मस्तक पर मून लाइट भजन सुनाकर मन मोह लिया।


राधा-कृष्ण की झांकी भी सजी। अमृत विचार


भक्त जय-जयकार करते रहे। अमृत विचार

इस मौके पर करौली शंकर महादेव ने श्रद्धालुओं से कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाएं। उन्हें मोबाइल का उपयोग रील बनाने के लिए नहीं बल्कि अपनी लाइफ बनाने के लिए दें। टीवी से दूर रखें। उनका मन भक्तिभाव में लगाएं और लक्ष्य कैसे पाना है यह जानने, गलत आदतों से दूर रखने के लिए आश्रम लाने की सीख दी। कहा कि युवा पीढ़ी संस्कारित होगी तभी भारत पुनः विश्व गुरु बनेगा। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए उन्हें तन्मयता से कार्य करने की सीख दें। उन्हें असफल होने पर हतोत्साहित करने के बजाय प्रेरित करें।

# कैप्टन से लूट करने वाले बर्रा गुजैनी के

**कानपुर।** किदवई नगर वाई ब्लॉक स्थित पथराही देवी मंदिर के पास सेना की कैप्टन संग मोबाइल लूट करने वाले आरोपियों के करीब पुलिस पहुंच चुकी है। किदवई नगर ए ब्लॉक निवासी रिटायर्ड सूबेदार मेजर विपिन त्रिपाठी की बेटी विनीता त्रिपाठी सेना में कैप्टन हैं। छह फरवरी को खरीदारी करके मछरिया से ई-रिक्शे से घर लौट रहीं थी। पथराही देवी मंदिर के पास उतरने पर पीछे से आए बाइक सवार लुटेरे मोबाइल छीन कर चकेरी की ओर फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले जिसमें लुटेरे कैद मिले। जांच में सामने आया कि लुटेरे बर्रा व गुजैनी के रहने वाले हैं। एडीसीपी साउथ ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# किशोरी से अश्लीलता में दो सगे भाइयों को कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**फैसला**

- बिल्हौर क्षेत्र में 25 मार्च 2014 की सुबह हुई थी वारदात
- अदालत ने एक को तीन साल दूसरे को एक साल की सजा दी

**अमृत विचार:** बिल्हौर क्षेत्र में वर्ष 2014 में एक गांव की रहने वाली किशोरी से वहीं के रहने वाले दो सगे भाइयों ने रास्ते में पकड़कर उसके साथ अश्लीलता, छेड़छाड़ की थी। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई पूरी होने पर पॉक्सो कोर्ट ने दोनों आरोपी भाइयों को दोषी करार देते हुए एक को तीन साल और दूसरे को एक साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों भाइयों पर अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता राम रक्षित शर्मा ने बताया कि बिल्हौर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता किशोरी की मां ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर में बताया गया था कि 25 मार्च 2014 की सुबह उसकी नाबालिग पुत्री शौच के लिए खेत गई थी। वहां से वापस घर लौट रही थी, उसी समय रास्ते में पड़ोस के रहने वाले रिजवान और उसके भाई नफीस ने उसकी पुत्री को दबोच लिया और उसके साथ जबरन छेड़छाड़ करते हुए अश्लीलता की। पुत्री के शोर मचाने पर वह अपने पति के साथ घर से दौड़ कर मौके पर पहुंची तो दोनों घटना की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

इस मामले में पुलिस ने विवेचना पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13 पॉक्सो कोर्ट बाकर शमीम रिजवी की अदालत में चल रही थी।

मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी दोनों भाइयों को दोषसिद्ध करते हुए रिजवान को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर छह हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया, जबकि उसके भाई नफीस को एक साल के कारावास की सजा सुनाई और एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है । अदालत ने अर्थदंड अदा नहीं करने पर दोनों दोषियों को अतिरिक्त कारावास की सजा काटने का प्रावधान किया है। साथ ही अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

## मंडी समितियों की बदलेगी तस्वीर

**घाटमपुर।** विधायक सरोज कुरील ने मंडी परिषद के निदेशक सत्यप्रकाश से मुलाकात की और घाटमपुर की मुख्य बाजार के साथ कोरियां, हथेही, तिलसड़ा, उमरी मंडी स्थलों के सौन्दर्यीकरण, बाउंड्रीवाल, सोलर स्ट्रीट लाइट, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्थाओं के लिए प्रस्ताव सौंपा।

विधायक सरोज कुरील ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मंडी समितियों का सुन्दरीकरण कराया जाए, जिससे मंडी समिति में आने जाने वाले लोगों को उचित व्यवस्था मिल सके। विधायक सरोज कुरील ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि नागरिकों को हर मूलभूत समस्याओं से निजात दिलाई जाए। विधायक के प्रतिनिधि मनीष तिवारी ने बताया कि तिलसड़ा गांव का टेंडर हो गया हैं। विधायक की ओर से मंत्री दिनेश सिंह को भी पत्र देकर अवगत कराया गया था।

# बेहमई कांड: आज फिर ताजा होंगी यादें

संवाददाता, राजपुर

**श्रद्धांजलि सभा आज**

- गांव के बाहर स्मारक स्थल पर आयोजित होगी श्रद्धांजलि सभा
- सभा के लिए स्मारक स्थल पर हुई साफ-सफाई, तैयारियां पूरी



बेहमई गांव के बाहर बनाया गया स्मारक स्थल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बेहमई नरसंहार कांड के 43 साल बाद भी यहां के लोगों को इंसाफ का इंतजार है। अदालत से तारीख पर तारीख मिल रही हैं, लेकिन नरसंहार में अपनों को खोने का संताप झेल रहे परिजनों को अभी तक इंसाफ नहीं मिल सका है। 14 फरवरी को एक बार फिर बेहमई कांड की बरसी मनाई जाएगी। स्मारक स्थल पर 'अपनों' का मजमा लगेगा।

14 फरवरी 1981 को डकैत फूलन देवी ने बदले की आग में गिरोह के साथ बेहमई गांव में धावा बोलकर निहत्थे लोगों को लाइन में खड़ा कर गोलियों से छलनी कर दिया था। इस नरसंहार कांड में 20 लोग मारे गए थे, जबकि दो लोग घायल हुए थे। इस नरसंहार में मारे गए लोगों को उनके परिवारीजन शहीद मानते हैं। उनकी याद में गांव के किनारे शहीद स्मारक स्थल बनाया गया है, जहां प्रति वर्ष उनकी याद में बरसी मनाई जाती है और शांति पाठ के कार्यक्रम आयोजित होते हैं।

इस आयोजन में बेहमई गांव के अलावा आसपास के क्षेत्र के कई गांवों से लोग आकर बेहमई कांड के लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। 14 फरवरी यानी बुधवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को स्मारक स्थल पर साफ-सफाई कराई गई। गांव के बाबू सिंह, रामकेश, लल्लन सिंह ने बताया कि बुधवार को स्मारक स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### वादी राजाराम ने गांव में बनवाया था स्मारक स्थल

बेहमई नरसंहार कांड के गवाह और मुकदमे के वादी राजाराम सिंह ने गांव के बाहर स्मारक स्थल बनवाया था। अब वह इस दुनिया में नहीं हैं। बीमारी के चलते उनका 13 दिसंबर 2020 को निधन हो चुका है। जब तक वह जिंदा रहे, तब तक स्मारक स्थल पर हर वर्ष श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। उनके पुत्र रामकेश सिंह उर्फ खिल्लन ने बताया कि गांव में नरसंहार के बाद उनके पिता ने ही गांव के बाहर स्मारक स्थल बनवाया था, जहां हर साल निर्दोष लोगों की याद में कार्यक्रम का आयोजन होता है, जिसमें तमाम लोग शामिल होते हैं।

# अर्धनग्न शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

## पहचान कराने के लिए ग्राम प्रधानों को भेजी गई फोटो, पैर में बिछिया और कान में सोने की बाली मिली

संवाददाता, घाटमपुर



घटनास्थल पर छानबीन करने पहुंचे घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह। अमृत विचार

**तफ्तीश**

- ककरहिया बंबा की पुलिया के नीचे बरामद हुआ था शव
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ सकेगी हकीकत

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ककरहिया बंबा की पुलिया में मिले महिला के अर्धनग्न शव की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने उसकी पहचान कराने के लिए आसपास के ग्राम प्रधानों को महिला की फोटो भेजी है, मगर अभी तक कोई सामने नहीं आया है। उसके पैर में बिछिया और कान में सोने की बाली मिली है। शिनाख्त नहीं हो पाने के कारण अभी शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया है। पतारा चौकी पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के ककरहिया से संचितपुर जाने वाले मार्ग के बीच में स्थित बंबा की पुलिया के अंदर सोमवार की शाम एक महिला का अर्धनग्न शव पड़ा मिला था। ग्रामीणों ने बंबा की पुलिया के अंदर महिला का शव देखकर पुलिस को सूचना दी थी। जानकारी मिलते पतारा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची थी और घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों से घटना के बारे में जानकारी जुटाने के साथ ही महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास किया था, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए थे। भले ही पुलिस प्रारंभिक तौर पर दुराचार से इंकार कर रही है, मगर जब तक पोस्टमार्टम नहीं होता, संशय बरकरार है। पुलिस के मुताबिक महिला पैर में बिछिया और कान में सोने की बाली पहने थी। उसकी उम्र लगभग 35 वर्ष के आसपास है। पुलिस ने मंगलवार को आसपास के ग्राम प्रधानों को महिला की फोटो भेजी है, ताकि उसकी शिनाख्त कराई जा सके। देर शाम तक महिला की तस्दीक करने वाला कोई भी सामने नहीं आया है। पुलिस का कहना है कि शिनाख्त कराने के लिए 72 घंटे इंतजार किया जाएगा। इसके बाद भी अगर शिनाख्त नहीं हो पाती तो उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ सकेगी।

### पुलिया के पास शराब और पानी के पाउच मिले

ककरहिया से संचितपुर जाने वाले मार्ग में जिस पुलिया के नीचे महिला का अर्धनग्न शव मिला है, उसके पास ही शराब के दो खाली पैकेट के साथ पानी के पाउच पड़े मिले हैं। इससे यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला को फेंकने से पहले शराब पी गई और फिर उसके साथ अमानवीय बर्ताव करने के बाद हत्या कर शव को पुलिया के नीचे फेंका गया।

### हर पहलू की पुलिस बारीकी से करेगी छानबीन

पुलिया के नीचे महिला का अर्धनग्न शव बरामद होने की सूचना पर एसीपी रंजीत कुमार सिंह खुद मौके पर पहुंचे थे। उनका कहना है कि इस मामले में हर पहलू की बारीकी से छानबीन की जाएगी। जब तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो जाता, तब तक उसके साथ क्या सलूक हुआ? इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। पुलिस का प्रयास है कि सबसे पहले उसकी शिनाख्त कराई जाए।

# कर्म का फल अवश्य ही मिलता

संवाददाता, चौबेपुर

**भागवत कथा**

- इटरा गांव की भागवत कथा में व्यास ने बताई धर्म की महत्ता
- बोले, अपने भक्त की धैर्य की परीक्षा अवश्य लेते हैं भगवान



भागवत कथा सुनाते आचार्य शिवाकांत जी महाराज। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ईश्वर पर किसी को संदेह नहीं करना चाहिए और न ही ईश्वर की परीक्षा लेनी चाहिए। अच्छे कर्म करते रहें और भगवान की ओर से दिए जाने वाले फल की प्रतीक्षा करें। यह बातें मंगलवार को क्षेत्र के इटरा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य शिवाकांत जी महाराज ने कहीं। इस दौरान उन्होंने रुक्मणी विवाह का रोचक प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

क्षेत्र के इटरा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य शिवाकांत जी महाराज जी ने कहा कि जिसने भगवान की परीक्षा लेने का प्रयास किया, उसे नुकसान ही पहुंचा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और समाज के लिए हित में यदि छोटा भी बनना पड़े, तो संकोच नहीं करना चाहिए। प्रभु श्री राम के भक्त हनुमान जी से हमें यह शिक्षा लेनी चाहिए। इस दौरान आचार्य ने कंस वध, गोपी उद्धव संवाद व रुक्मणी-श्रीकृष्ण के विवाह की सुंदर कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि धर्म के रास्ते पर चलकर मनुष्य को कभी भी धैर्य नहीं खोना चाहिए। ईश्वर अपने भक्त की परीक्षा लेते हैं।

कथा के बाद प्रतिदिन की तरह शाम को यहां काशी के विद्वानों की ओर से काशी की ही तर्ज पर भागवत जी की आरती की गई। कार्यक्रम आयोजक कानपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश सिंह, पूर्व जिला पंचायत अधिकारी बीके सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान दिनेश सिंह के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राजेश अध्यक्ष और सुजीत मंत्री बने

संवाददाता, घाटमपुर



घाटमपुर तहसील लेखपाल संघ का मंगलवार को चुनाव हुआ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** तहसील में मंगलवार को चुनाव अधिकारी अमित कुमार दीक्षित एवं पर्यवेक्षक प्रेमांशु द्विवेदी की देखरेख में लेखपाल संघ का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष व मंत्री पद के लिए चुनाव हुआ, बाकी पदाधिकारीयों का निर्विरोध चयन हुआ। अध्यक्ष पद में राजेश अकेला और मंत्री पद में सुजीत कुशवाहा ने जीत हासिल की।

तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष पद के लिए राजकमल तिवारी, राजेश अकेला और अनुपम पटेल ने नामांकन किया, जिसमें चुनाव अधिकारी अमित कुमार दीक्षित, प्रियांशु द्विवेदी ने मतदान कराया। चुनाव में राजकमल तिवारी को चार, अनुपम पटेल को 28 और राजेश अकेला को 29 मत प्राप्त हुए। 29 मत पाकर राजेश अकेला एक वोट से लेखपाल संघ के अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किए गए। वहीं मंत्री पद के लिए नवनीत मिश्रा और सुजीत सिंह कुशवाहा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मतदान में नवनीत मिश्रा को 24 और सुजीत कुशवाहा को 37 मत प्राप्त हुए, जिसमें सुजीत सिंह कुशवाहा ने 13 मतों से विजय हासिल की।

अन्य पदों में निर्विरोध रूप से निर्वाचन हुआ, इनमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अंकित द्विवेदी, उप मंत्री आनंद बाबू, कोषाध्यक्ष अंकित कश्यप एवं ऑडिटर शिवम वर्मा निर्वाचित किए गए। इसके बाद तहसील परिसर में समस्त कर्मचारियों ने नए पदाधिकारियों को बधाइयां देने के साथ एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया।

## आदेश के बाद भी नहीं हटा कब्जा

**घाटमपुर।** पुखरायां तहसील की ग्राम पंचायत बरौर में भूमि पर अवैध कब्जा अभी तक नहीं हटा है। आदेश के बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटने से पीड़ित परेशान है।

बरौर निवासी सागर द्विवेदी ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर गांव के ही श्रीकांत उपाध्याय ने अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया है। इसको लेकर उन्होंने आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद को शिकायती पत्र दिया था, जिसमें गांव के श्रीकांत उपाध्याय का अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अभी तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया है। आरोप लगाया कि अवैध कब्जेदार भट्ठा मालिक है, जो मामले को रफा-दफा कराने के लिए दबाव बना रहा है और मुकदमे में फंसा देने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने अवैध कब्जा हटाने की गुहार लगाई है।

# रोजगार मेला: 149 युवाओं को मिली नौकरी

संवाददाता, सरसौल

**खिल उठे चेहरे**

- महाराजपुर की आईटीआई में रोजगार मेले का हुआ आयोजन
- मेले में कुल 391 अभ्यर्थियों ने कराया था पंजीकरण




चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कौशल विकास मिशन, सेवायोजन कार्यालय और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सरसौल विकास खंड के महाराजपुर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 13 कंपनियों ने भाग लिया। 391अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर 149 तकनीक प्रशिक्षित और अप्रशिक्षित अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

रोजगार मेला में भाजपा नेता और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के प्रतिनिधि सुरेंद्र अवस्थी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अथिति के रूप में विनय मिश्रा, गोपाल गुप्ता, चंदन कुमार चौरसिया, श्रवण कुमार शुक्ला, अरुण कुमार उपस्थित रहे। नोडल प्रधानाचार्य डॉ. नरेश कुमार के नेतृत्व में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विवेक शुक्ला, शक्ति निगम, परम सिंह यादव, सुमित वर्मा, अमन कटियार, विभव शुक्ला, शैलेंद्र कुमार, अजय शुक्ला, संजय सिंह, अमीर खान आदि लोग मौजूद रहे। मेले में नौकरी पाने वाले युवा चहक उठे।

### ककवन में रोजगार मेले का आयोजन आज

**बिल्हौर।** ककवन विकास खंड मुख्यालय पर बुधवार को सेवायोजन कार्यालय व बिल्हौर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की ओर से रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य मयंक मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े ककवन विकास खंड की 25 ग्राम पंचायतों के युवाओं को रोजगार मेला के बारे में जानकारी दी गई है। रोजगार मेले में भाग लेने वाली लगभग दो कंपनियां युवाओं का साक्षात्कार लेंगी और योग्यता के अनुसार नौकरियां देंगी। मेले में क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर और खंड विकास अधिकारी शिवनरेश राजपूत भी मौजूद रहेंगे।

**अभिभावकों की मांग** — बिना फिटनेस और लाइसेंस के दौड़ रहे स्कूली वाहन, विभागीय अफसरों की अनदेखी से मनमानी को बढ़ावा

# स्कूली वाहनों के साथ ही चालकों की भी जांच जरूरी

संवाददाता, चौबेपुर



सत्येंद्र शुक्ला।



पीयूष मिश्रा।



नरेंद्र शुक्ला।



हिमांशु पाल।



बालाजी बाजपेई।



अक्षय अग्निहोत्री।

**अमृत विचार:** अरौल में आठ फरवरी को स्कूल वैन हादसे में दो बच्चों की मौत और नौ बच्चों के गंभीर रूप से घायल होने के मामले ने अभिभावकों को झकझोर कर रख दिया है। इस हादसे के बाद अविभावकों में अब अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि पुलिस और जिला प्रशासन को इस दिशा में कारगर कदम उठाने चाहिए और स्कूली वाहनों में बच्चों को ठूंस-ठूंस कर भरने में सख्त पाबंदी के साथ वाहनों की फिटनेस और चालकों की छानबीन की जानी चाहिए।

कस्बे के व्यापारी सत्येंद्र शुक्ला का कहना है कि स्कूलों में चलने वाले वाहनों की हालत काफी खस्ता है। घर से बच्चों को स्कूल ले जाने और वापस लाने वाले ज्यादातर वाहन जर्जर हैं। इनमें से कई वाहन ऐसे भी हैं, जिनकी मियाद पूरी हो चुकी है। इसके बावजूद वाहनों का प्रयोग स्कूली बच्चों को लाने और ले जाने में निरंतर हो रहा है। ऐसे में बच्चों की जानमाल को हर समय खतरा व्याप्त रहता है। स्कूलों में लगे तमाम वाहन ऐसे भी मिल जाएंगे, जिनकी फिटनेस की मियाद पूरी हो चुकी है और इंश्योरेंस तक नहीं है।

व्यापार क्षेत्र से जुड़े बालाजी बाजपेई का कहना है कि अरौल हादसे ने स्कूली वाहनों की फिटनेस और स्कूलों की परिवहन प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिकांश निजी विद्यालय प्रबंधन बदहाल वाहनों व अप्रशिक्षित चालकों के सहारे बच्चों को लाने व घर पहुंचाने का काम कर रहे हैं, जो मासूमों के साथ सरासर खिलवाड़ है। जिम्मेदार विभाग कभी कभार ऐसे विद्यालयों को पत्र जारी कर औपचरिकता मात्र निभा रहा है। स्कूली वाहनों के रख रखाव व निर्धारित मापदंड पालन कराने में हो रही लापरवाही ही ऐसी दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।

समाजसेवी हिमांशु पाल का कहना है कि आरटीओ की ओर से मानक विहीन वाहनों के खिलाफ अभियान सिर्फ कमाई का जरिया होता है। यदि पुलिस और परिवहन प्रशासन सख्त हो जाए तो इस तरह के हादसों पर रोक लगाई जा सकती है। आये दिन हादसों को लेकर अभिभावक नरेंद्र शुक्ला का कहना है कि छोटे वाहन घरों तक पहुंच जाते हैं, ऐसे में मजबूरन अभिभावकों को स्कूलों से संबद्ध पुराने और जर्जर साधनों का सहारा लेना पड़ता है। स्कूल संचालक पैसों के लालच में वाहनों के रखरखाव के प्रति पूरी तरह से लापरवाही बरत रहे हैं। परिणाम स्वरूप आए दिन घटनाएं हो रही हैं। ऐसे वाहनों को किसी भी दशा में चलने की अनुमति न दी जाए।

शिक्षक अक्षय अग्निहोत्री का कहना है कि चालक अक्सर कान में ईयरफोन लगाए रहते हैं, ऐसे में उनका दिमाग संगीत सुनने अथवा बातचीत करने में व्यस्त रहता है। दिमाग स्थिर न रहने से भी दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। परिवहन विभाग को बिना परमिट व अनुबंध के फर्राटा भर रहे स्कूली वाहनों की तलाश शुरू करनी चाहिए और इस बाबत विशेष अभियान चलाकर ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

पूर्व ग्राम प्रधान पीयूष मिश्रा का कहना है की जर्जर स्कूली वाहन दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र में चलाए जा रहे ऐसे डग्गामार वाहनों के खिलाफ जल्द कोई कार्रवाई नहीं होती। परिणाम स्वरूप इस तरह के वाहन टैक्स, फिटनेस प्रदूषण आदि के कागजात तक दुरुस्त नहीं रखते। परिवहन विभाग के अधिकारी समय-समय पर ऐसे वाहनों की जांच करें, तो काफी हद तक सुधार हो सकता है।

# बंजारन महिलाओं ने मांगी सुविधाएं

संवाददाता, घाटमपुर



सुविधाएं मांगने घाटमपुर तहसील पहुंचीं बंजारन महिलाएं। अमृत विचार

**ज्ञापन सौंपा**

- आजादी के बाद से नहीं मिला सरकारी योजनाओं का लाभ
- सड़क, पानी, आवास, शौचालय की सुविधाओं से वंचित हैं लोग

**अमृत विचार:** पतारा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गिरसी के मजरे सुरजन सिंह का पुरवा की आधा सैकड़ा बंजारन महिलाएं मंगलवार को तहसील पहुंचीं और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महिलाओं ने गांव में मूलभूत सुविधाएं और सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है।

बंजारन महिलाओं ने बताया कि आजादी के बाद से आज तक उन्हें सरकारी आवास नहीं दिया गया। ज्ञापन में इसकी जांच कराने की मांग करते हुए महिलाओं ने बताया कि आज भी वे लोग झोपड़पट्टी में ही रह रही हैं। एसडीएम यादुवेंद्र सिंह बैस ने बंजारन महिलाओं को आश्वासन दिया कि वह खुद गांव पहुंचकर समस्याओं का मौके पर निराकरण कराने का प्रयास करेंगे।

बंजारन महिलाओं ने बताया कि उनके गांव सुरजन सिंह का पुरवा में आज तक कोई विकास नहीं हुआ है। गांव में सिर्फ बंजारा समाज के ही लोग रहते हैं। महिलाओं ने बताया कि आवास, शौचालय, सड़क, पानी की सुविधा नहीं है। आज भी कुएं का पानी पीते हैं। महिलाओं ने यह भी बताया कि वे लोग शिकायत करने पतारा ब्लाक गए थे, जहां खंड विकास अधिकारी और पंचायत सचिव ने भगा दिया था। एसडीएम यादुवेंद्र सिंह बैस ने कहा कि इसकी जांच करेंगे और समस्याएं हल कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं में शकुंतला देवी, सरोज देवी, मुन्नी देवी, संतरा देवी, एकल देवी, सावित्री देवी, सत्यवती, मार्ग देवी, उर्मिला देवी, सुंदरी देवी, सुमन, उर्मिला, गीता, रीना, किरण, चंद्रावती, नूरी आदि महिलाएं शामिल थीं।

# अयोध्या में 'रामलला' विराजमान गौरी के 'श्रीराम' मालखाने में बंद

## 25 साल पहले चोरों ने मंदिर से चोरी की थीं श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान की मूर्तियां

संवाददाता, नवाबगंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने पर एक ओर जहां पूरा देश में हर्ष की लहर है। माहौल भक्तिमय है। वहीं दूसरी ओर विकासखंड नवाबगंज के गांव गौरी में प्राचीन मंदिर से चोरी हुई अष्टधातु की मूर्तियां बरामद होने के 25 साल बाद भी मालखाने में बंद हैं। आज तक उनकी स्थापना नहीं हो सकी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब शायद वह मूर्तियां मंदिर में स्थापित हो सकें और वह उनकी पूजा-अर्चना कर सकें।

बता दें कि कि नवाबगंज विकासखंड के गांव गौरी में सन-1938 में ग्रामवासी बद्री प्रसाद यादव व महावीर प्रसाद यादव द्वारा ठाकुरद्वारा मंदिर बनवाकर उसमें अष्टधातु की भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, राधा-कृष्ण, बजरंगबली और जौहर महाराज की मूर्तियां स्थापित कराई थीं। वर्ष-1989 में चोरों ने मंदिर से उन मूर्तियों को चोरी कर लिया था। ग्रामीणों के अनुसार करीब एक माह बाद पुलिस ने मूर्तियां अष्टधातु की होने से उनकी सुरक्षा को देखते हुए मालखाने में रखवा दी थीं। इसे करीब 25 साल बीत गए हैं लेकिन, मूर्तियां अभी भी माल खाने में कैद हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मूर्तियां यदि मंदिर में हों तो उनकी पूजा-अर्चना हो सके। माल खाने में मूर्तियां रखे होने से उनकी पूजा नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कराकर मूर्ति स्थापित कराई गई है।

अब सरकार को चाहिए की माल खाने में रखी अष्टधातु की मूर्तियों को पुनः मंदिर में स्थापित कराया जाए। जिससे ग्रामीणों के साथ दूर-दराज से आने वाले भक्त उनकी पूजा अर्चना कर सके। मंदिर में मूर्तियां स्थापित करने वालों के परिजन विजय यादव का कहना है कि अब वे चाहते हैं कि मूर्तियां पुनः मंदिर में स्थापित हों और उनकी पूजा हो सके। इसे लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राकेश यादव ने कहा कि अष्टधातु की मूर्तियां बेशकीमती हैं। वे पुनः चोरी न हो जाएं इसलिए उनकी पूरी सुरक्षा के साथ स्थापित कराया जाए। जिससे भक्त पूजा-अर्चना कर सकें।


मूर्ति विहीन मंदिर का दरबार।

### मूर्तियों को स्थापित कराने का प्रयास किया जाएगा

भाजपा से मोहान विधायक बृजेश रावत ने इसे लेकर कहा कि यदि ग्रामीण या मंदिर कमेटी के सदस्य हमारे पास आएंगे। तो शासन स्तर पर पत्र भेजकर मूर्तियां पुनः स्थापित कराने का प्रयास किया जाएगा।


बृजेश रावत, विधायक मोहान

- मूर्तियों के अष्टधातु के होने से उन्हें बरामदगी के बाद पुलिस ने मालखाने में रखवा दिया था
- ग्रामीणों की मांग है कि सरकार उन मूर्तियों को भी मंदिर में स्थापित कराए

# एडीओ समाज कल्याण के दफ्तर में 15 दिन से ताला बंद



बंद कार्यालय के बाहर बैठकर इंतजार करते बुजुर्ग। अमृत विचार

आसीवन संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग मियागंज में तैनात एडीओ अमित कुमार के कार्यालय में 15 दिन से ताला लटक रहा है। जिससे रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन के लिए बुजुर्गों को भटकना पड़ता है। कार्यालय न खुलने से वे निराश होकर वापस लौट जाते हैं।

विकासखंड मियागंज क्षेत्र के खुटेहना गांव निवासी बुजुर्ग मोहनलाल, सहजनपुर निवासी माधुरी, कनिगांव निवासी कौशल्या मंगलवार को समाज कल्याण विभाग के कार्यालय के बाहर बैठकर एडीओ का इंतजार कर रहे थे। जबकि, कार्यालय में ताला लगा हुआ था। बुजुर्गों का कहना था कि एक साल से उनकी वृद्धावस्था पेंशन रुकी हुई है। उसके लिए वे लोग ब्लाक मुख्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन साहब हैं कि मिलते ही नही हैं और हर समय कार्यालय में ताला लटकता रहता है। पूरे दिन के इंतजार के बाद वे लोग वापस लौट जाते हैं। इस संबंध में एडीओ समाज कल्याण को फोन मिलाने पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## सार-संक्षेप

### अच्छे आचरण से पापों का होता है नाश

**शुक्लागंज उन्नाव।** पोनी रोड स्थित श्री राधाकृष्ण दुर्गा मंदिर में चल रही श्री देवी भागवत महापुराण के दौरान मंगलवार को कथा व्यास श्रोताओं को महापुराण का रसपान कराया। जिसके बाद प्रसाद बांटा गया। श्री राधा कृष्ण दुर्गा मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के नौवे दिन कथा व्यास पंडित शिवकुमार दीक्षित ने बताया कि मनुष्य अचारण से आयु प्राप्त करता है। अचारण से संताने, अक्षय अन्य प्राप्त करता है। नेक आचरण ही पाप को नष्ट करता है। मनुष्य को अपना आचरण सुधारना चाहिए। वेद में सूर्य, गणेश, नारायण, शिव और मां भगवती के निंदक इसी कुंड में गिरते हैं। मनुष्य को तिलक अवश्य धारण करना चाहिए। इस मौके पर संजय तिवारी, आजाद शुक्ला, कमल दोसर, मीना दोसर, संगीता, प्रसून दोसर, शशांक, प्रिया दोसर, सुशील, सुषमा, उत्तम गुप्ता, लक्ष्मी नारायण तिवारी, निशा दुबे, रमेश, गोलू आदि मौजूद रहे।


कथा का बखान करते पं. शिवकुमार दीक्षित।

### वाहन की टक्कर से दो जख्मी

**फतेहपुर चौरासी।** कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के गांव दौलत्यारपुर निवासी मनोज पुत्र रामसेवक दिल्ली में रहकर प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करता था। मंगलवार को वह बाइक से गांव के अंशु पुत्र गिरजा शंकर तिवारी के साथ बाइक से घर के लिए निकला था। अभी वह हरदोई-उन्नाव मार्ग पर कठिघरा गांव के सामने ही पहुंचा था कि पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें गंभीर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सोहरामऊ उपकेंद्र से जुड़े गावों की आज छह घंटे गुल रहेगी बिजली

**नवाबगंज।** अजगैन सब स्टेशन के विद्युत उपकेंद्र सोहरामऊ के सभी फीडरों की टेस्टिंग का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके चलते इस क्षेत्र में आने वाले गांव आशाखेड़ा, सोहरामऊ, बजेहरा, ई-स्पेस सीहाक की विद्युत आपूर्ति बुधवार सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी जेई आशुतोष तिवारी ने दी।

# दुष्कर्म के दोषी को 15 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** माखी थाना में दर्ज किशोरी से दुष्कर्म के केस की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए 15 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही युवक पर 53 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना जमा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

बता दें कि 14 जुलाई-2016 को माखी पुलिस को दी तहरीर में वादी ने बताया था कि उसकी साढ़ू की नाबालिग बेटी उसके घर आई थी। घटना वाले दिन पूरा परिवार खेत गया था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठा गांव निवासी कपिल देव पुत्र रामविलास उसके घर में घुस आया और किशोरी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

पुलिस ने पीड़िता के कोर्ट में कलमबंद बयान भी दर्ज कराए। आईओ तत्कालीन एसओ रंधा सिंह यादव ने जांच के बाद 4 सितंबर-2016 को कोर्ट में आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट पेश की थी। शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने मामले को लेकर कोर्ट में छह गवाह पेश किए। मंगलवार को आठ वर्ष बाद विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) जयवीर सिंह नागर ने सुनील को दोषी करार देते हुए 15 वर्ष की कैद व 53 हजार का जुर्माना लगाया है।

### मारपीट के तीन आरोपियों पर दोष सिद्ध होने पर भी रिहा

**उन्नाव।** विशेष न्यायालय एससीएसटी एक्ट कोर्ट नंबर-2 के न्यायाधीश ने मारपीट के मामले में तीन आरोपियों को दोषी पाया। इसके बाद उन्हें धारा चार परिवीक्षा अधिनियम का लाभ देते हुए दोषियों के कृत्यों की निंदा करते हुए छोड़ दिया। वहीं तीनों पर जान से मारने की धमकी सहित अन्य मामलों में दोषमुक्त करार दिया। बता दें कि बिहार थानाक्षेत्र के अजीती खेड़ा गांव निवासी ब्रम्हादीन ने तहरीर देकर बताया था कि संतोष बहादुर सिंह, सम्पूर्ण सिंह पुत्र लल्लन सिंह व दिनेश सिंह पुत्र रामशरण ने उसे 15 नवंबर 2003 को मारपीट कर घायल कर दिया। आईओ तत्कालीन सीओ बीघापुर राजेंद्र बहादुर सिंह ने 25 जनवरी 2007 को आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। शासकीय अधिवक्ता जगन्नाथ प्रसाद कुशवाहा ने वादी सहित अन्य गवाहों को पेश किया। बचाव पक्ष से गवाहों को पेश कर तर्क दिया गया कि उन्हें झूठा फंसाया गया है। एडीजे ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी संतोष बहादुर सिंह, सम्पूर्ण सिंह व दिनेश सिंह को धमकाने, जान से मारने की धमकी देने व एससीएसटी एक्ट के प्रयास में दोषमुक्त कर दिया। वहीं तीनों को मारपीट के मामले में दोषी पाते हुए परिवीक्षा अधिनियम का लाभ देते हुए छोड़ दिया।



- विशेष न्यायालय पाक्सो कोर्ट में सुनाया गया फैसला
- सजा के साथ न्यायाधीश ने 53 हजार अर्थदंड लगाया

## जाम को लेकर पहुंचे एएसपी, दिये निर्देश

**शुक्लागंज-उन्नाव।** नवीन पुल पर सोमवार मध्य रात्रि तक भीषण जाम लगा रहा। इसके बाद मंगलवार सुबह भी जाम की स्थिति बनी रही। जिसे देखते हुये देर शाम एएसपी नगर पहुंचे। वहां उन्होंने कोतवाली प्रभारी को अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये।

नवीन पुल पर लगने वाले जाम को देखते हुये मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह गंगाघाट कोतवाली पहुंचे। जहां कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति के साथ बालूघाट मोड़ से लेकर नवीन पुल तक जाम की हकीकत देखी।

इस दौरान इंस्पेक्टर ने बताया कि सुबह पीक आवर के समय वाहनों का भार बढ़ने के कारण जाम लग रहा है। जिस पर उन्होंने नवीन पुल से लेकर पोनी रोड तिराहे तक अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये हैं। जिससे लोगों को जाम से निजात मिल सके। गौरतलब है कि नवीन पुल का जाम नासूर बन गया है। अतिक्रमण इसका बड़ा कारण है।


पटका पहनाकर भाजपा में शामिल करते विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार


लोगों को भाजपा में शामिल कराते विधायक बम्बालाल दिवाकर। अमृत विचार

# राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा से जुड़े

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के तिकोनिया पार्क के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में विधायक श्रीकांत कटियार ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के करीब 300 कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान विधायक ने कहा कि आज विभिन्न राजनीतिक दलों के 300 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। अब हम सब मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत मिले। इसलिए सरकार डीबीटी के माध्यम से योजनाओं की धनराशि सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजने का काम कर रही है। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने कहा कि जब इतनी बड़ी संख्या में अन्य दलों के लोग शामिल हो रहे हैं तो निश्चित ही आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की लाखों मतों से विजय होगी। इस दौरान जिला व्यवस्था प्रमुख गिरीश वर्मा, ब्लाक प्रमुख अर्जुनलाल दिवाकर, फतेहपुर चौरासी ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, गोविंद कुशवाहा, अरविन्द सिंह, जगजीत राजपूत, अजय द्विवेदी, रामआसरे, उदयवीर, नन्दा, गंगा फौजी, रामऔतार, रमेश पाल, रामकृष्ण पासवान व सुशील बाजपेई को भाजपा का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई गई। विधायक ने पार्टी की ओर से भठियापुर में गांव चलो अभियान में पहुंचकर सभी के मोबाइल में नरेंद्र मोदी एप डाउनलोड करवाया।

### सफीपुर विधायक ने 205 को किया भाजपा में शामिल

**सफीपुर।** विभिन्न दलों को छोड़कर आये सैकड़ों लोगों को विधायक बम्बालाल दिवाकर ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके बाद सभी ने आगामी लोकसभा चुनाव में हर बूथ से पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र, सभासद सजय कुमार मंटू, उमा पत्नी राजू विमल, रामखेलावन प्रधान सराय, राजू पाल आदि प्रधान व बीडीसी पूर्व प्रधान सहित करीब 205 लोगो ने भाजपा की सदस्यता ली।

# मारपीट कर बच्ची को छीनने का प्रयास

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सीताराम कॉलोनी निवासी एक युवक अपनी बच्ची को लेकर मंदिर दर्शन करने जा रहा था। तभी दबंगों ने उससे मारपीट की और उसकी बच्ची को छीनकर भागने लगे। शोर मचाने पर दबंग धमकी देकर भाग निकले।

सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष उमा लाल यादव के भाई सीताराम कॉलोनी निवासी दिलीप यादव ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मंगलवार रात वह अपनी तीन वर्षीय बेटी राशि को लेकर महेश मार्ग स्थित बालाजी मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। तभी वहां घात लगाए खड़े दबंगों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट करने लगे। जिससे वह बाइक से गिर गए। इसके बाद वे लोग उसकी 3 साल की बेटी को लेकर भागने लगे। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े। लोगों को आता देख दबंग बच्ची को छोड़कर धमकी देकर भाग निकले। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लड़की को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

**उन्नाव।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर जिले में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान को पुलिस तेजी से चला रही है।

इसी क्रम में बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी अंकित पुत्र विजय निवासी गांव गहरपुरवा बांगरमऊ को कलक्ट्रेट मार्ग उन्नाव से गिरफ्तार किया है। साथ ही अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। उसे पकड़ने वाली टीम में दरोगा अचल कुमार, हेड कांस्टेबल प्रभाकांत व महिला सिपाही सीमा शामिल रहीं।

# जर्जर स्वास्थ्य उपकेंद्र बना मुसीबत

संवाददाता, नवाबगंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** नवाबगंज ब्लाक क्षेत्र के जनसार गांव में टीकाकरण के लिए बने स्वास्थ्य उपकेन्द्र की जर्जर हालत के चलते स्वास्थ्य कर्मियों को यहां बैठने से भी डर लगता है। जिससे टीकाकरण के लिए ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

जनसार गांव में करीब 10 साल पहले उपकेन्द्र खोला गया था। इसमें एएनएम व सीएचओ नियुक्त किए गए थे। देखरेख के अभाव में उपकेंद्र की इमारत जर्जर हो गई। पूरे परिसर बड़ी-बड़ी झाड़ियां खड़ी हैं और दरवाजे टूटे पड़े हैं। जो मरीजों और तीमारदारों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। गांव निवासी रामकिशन बताते हैं कि यहां छोटे बच्चों को टीका लगता है। वहीं चिकित्साधीक्षक डा. राजेश कुमार ने बताया कि भवन जर्जर हो चुका है। इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियो को भेजी जा चुकी है। जल्द ही भवन सही कराया जायेगा। बताया कि यहां सीएचओ सोनावती और एएनएम नेहा श्रीवास्तव की ड्यूटी लगती है। जिन्हें टीकाकरण करना होता है।



जर्जर पड़ा जनसार गांव स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र। अमृत विचार

# मवेशियों से फसल नष्ट कराने का लगाया आरोप

संवाददाता, बांगरमऊ-उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के रबड़ी गांव निवासी युवक ने पड़ोसी पर घर के बाहर लगी सब्जी की फसल को मवेशियों से चरवाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विरोध करने पर उसने घर में घुसकर मारपीट भी की। पीड़ित ने कार्रवाई के लिए पुलिस से गुहार लगाई है।

रबड़ी गांव निवासी रंजीत निषाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रोज सुबह नौकरी करने बांगरमऊ चला जाता है। उसकी गैर मौजूदगी में पड़ोसी साहबलाल व ललित ने अपने पालतू पशुओं से उसके घर के पीछे लान में लगी सब्जियों की फसल व फलदार वृक्षों के पौधों को चरवा दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो दबंग ने उसके घर पर चढ़ाई करते हुए उसकी पत्नी व बच्चों के साथ गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से दबंगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

यह हाल | अजगैन कोतवाली क्षेत्र में सबसे अधिक होटल-ढाबा, पेट्रोल पंपों पर अवैध पार्किंग

# हाईवे पर अवैध पार्किंग बन रही हादसों का सबब

संवाददाता, नवाबगंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ हाईवे किनारे कई स्थानों पर खड़े ट्रक हादसों का मुख्य कारण बनते जा रहे हैं। इन ट्रकों में टकराने से अक्सर वाहन सवारों की जान चली जाती है। लगातार हो रहे इन हादसों के बाद भी जिला प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

हाईवे पर जहां जगह-जगह बाजार व मंडियां सज रही हैं। वहीं, हाईवे किनारे स्थित होटल, ढाबा व पेट्रोल पंप के बाहर रोड तक ट्रक खड़े रहते हैं। इन ट्रकों से टकरा जाने से आएदिन हादसे होते हैं। प्रशासन द्वारा समय-समय पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर करोड़ों खर्च कर प्रचार-प्रसार भी किया जाता है। लेकिन, इसके बाद बावजूद सड़क सुरक्षा के नियम व निर्देश कहीं धरातल पर देखने को नहीं मिलते हैं।

लोगों का कहना है कि गोष्ठियों व सेमिनारों में तो वाहन चालकों को नियमों का पाठ पढ़ाया जा जाता है लेकिन हाईवे पर ट्रक व कंटेनर चालकों को समझाने वाला कोई नहीं है। खड़े वाहनों में न तो पार्किंग लाइट जलाई जाती है और न ही रेडियम पट्टी लगी होती हैं। अजगैन कोतवाली के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पार्किंग बनी होने के साथ बनी पुल से गहरा तक हाईवे स्थित ढाबों के सामने 24 घंटे ट्रक खड़े रहते हैं।


लखनऊ-कानपुर हाईवे पर की गई वाहनों की अवैध पार्किंग। अमृत विचार

### अवैध रूप से बनाई जाती है पार्किंग

दिखाने के लिए ढाबा व पेट्रोल पंप संचालक छोटी सी पार्किंग बना लेते हैं लेकिन, अधिकतर ट्रक व भारी वाहन रोड पर ही अपनी जगह बनाकर खड़े हो जाते हैं। जिससे हादसों की आशंका बढ़ जाती है।

## बारात में चले लाठी-डंडे, सात पर रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज-उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के परमसुख खेड़ा मोहल्लें में रहने वाला एक युवक अपने साथियों के साथ बारात से वापस लौट रहा था, तभी दबंगों ने उसके घर पर चढ़ आये और मारा पीटा। बीच बचाव करने आई महिला को भी पीटा। युवक के पिता की तहरीर पर सात के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

परमसुख खेड़ा निवासी सुमित ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ एक बारात में शामिल होने गया था। जहां उसका कुछ लोगों से विवाद हो गया था। इस दौरान कुछ लोग उसके घर में घुस आये और उसे मारा पीटा। बीच बचाव करने आई पत्नी ममता को भी पीट दिया। पिता मनोहर की तहरीर पर पुलिस ने पप्पू, सुनील, आकाश, दिनेश, विशाल, अंकित व प्रकाश समेत सात लोगों के किलाफ रिपोर्ट लिखी।

# केंद्रीय अंतरिम बजट गरीब, युवा महिला व अन्नदाता पर केंद्रित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** डीएसएन (पीजी) कालेज उन्नाव में मंगलवार को अर्थशास्त्र व वाणिज्य विभाग द्वारा अन्तरिम केंद्रीय बजट-2024 पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा का शुभारम्भ मुख्य वक्ता डा. संतोष यादव असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग डीबीएस कालेज कानपुर, प्राचार्य प्रदीप गुप्ता, आयोजक डा. राजेश श्रीवास्तव व डा. रोहित मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विषय प्रवर्तन डा. सरोज यादव ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ने बताया कि सरकार का यह बजट भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह बजट मुख्यतः चार स्तम्भों गरीब, युवा, महिला व अन्नदाता पर केंद्रित है। धन्यवाद ज्ञापन डा. मुन्ना लाल यादव व संचालन डा. सुदर्शन सिंह ने किया। इस दौरान प्रो. विनय यादव, प्रो. सतीश सिंह, प्रो. ममता चतुर्वेदी, डा. आदर्श पुरवार, डा. पंकज सिंह, डा. रंजीत सिह, डा. सुनीता, डा. तूलिका रानी, डा. रचना त्रिवेदी, डा. गीता श्रीवास्तव, डा. अमित अवस्थी, डा. आकांक्षा श्रीवास्तव, डा. राकेश चौरसिया, डा. शुभा द्विवेदी, डा. अनुज निर्मल, डा. उत्कर्ष सक्सेना, डा.अलका, डा. अरविंद मिश्रा व विद्यार्थी मौजूद रहे।



परिचर्चा में भाग लेते विद्वतजन। अमृत विचार

- डीएसएन पीजी कालेज में बजट पर परिचर्चा के दौरान व्यक्त किए गए विचार

# सड़क हादसों में दो किसानों की गई जान

## हादसों का मंगलवार : कानपुर-लखनऊ हाईवे पर हुई दुर्घटनाओं में दंपतियों समेत 11 लोग हुए घायल

उन्नाव। मंगलवार का दिन दुर्घटनाओं के चलते अमंगल लेकर आया। अलग-अलग क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो की जान चली गई। वहीं 12 लोग घायल हो गए। इसमें सफीपुर कोतवाली अंतर्गत अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे खंती में पलट गया। इसमें ट्रैक्टर चला रहे किसान की दबकर मौके पर मौत हो गई। सफीपुर कोतवाली अंतर्गत ही ट्रैक्टर में बंधे रोटावेटर की चपेट में आकर किसान की मौत हो गई। वहीं अजगैन, दही व सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हाईवे पर हुए हादसों में दंपति समेत 11 लोग घायल हुए। वहीं आसीवन में एक बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस ने घायलों का अस्पताल भेजा है। वहीं पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दुर्घटना से जाम भी लगा।

**केस 01** सफीपुर। कोतवाली क्षेत्र के हसनखेड़ा गांव निवासी शैलेन्द्र (35) पुत्र गजराज पड़ोस के गांव नकोटनपुर में पैरा (पुआल) काटने गया था। वहां से लौटते समय गांव के बाहर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 10 फिट गहरी खंती में पलट गया। इसमें चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। राहगीरों की सूचना पर ग्रामीण पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद उसे बहार निकालकर पास के निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की ख़बर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। उसकी दो साल पहले शादी हुई थी। उसकी एक साल की बेटी श्रष्टि है। पति की मौत से उसकी पत्नी आरती का रो-रोकर बेहाल है।



शैलेंद्र फाइल फोटो।

**केस 02** परियर। सफीपुर कोतवाली अंतर्गत परियर चौकी क्षेत्र के खोखापुर गांव निवासी बंदी मौर्या (50) खेती कर परिवार पालता था। गांव के ही होरीलाल का खेत पड़ोसी विकास ने ठेके पर ले रखा है। मंगलवार को विकास गांव के दिनेश के ट्रैक्टर से खेत की जुताई करा रहा था। शाम करीब पांच बजे बंदी वहां घास लेने पहुंच गया। खेत में घास काटते समय बंदी रोटावेटर की चपेट में आ गया। जिसमें उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परियर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। लेकिन कोई आरोप न होने से शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पति की मौत से पत्नी सुदामा, बेटी रीना सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। बेटा बुद्धीलाल नेपाल में मजदूरी करता है। चार बेटियों की शादी हो चुकी है। पत्नी सुदामा ने बताया कि पति पहले पावा बाजार गए थे। वहां से लौटने के बाद खेतों की ओर चले गए। चौकी इंचार्ज जितेंद्र पांडेय ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



बंदी फाइल फोटो।

**केस 03** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत महराजगंज गांव निवासी अजय (30) पुत्र छोटेलाल अपनी पत्नी सारिका (28) के साथ 11 माह के बच्चे को जिला अस्पताल दवा दिलाने आ रहा था। दही थानांतर्गत कानपुर- लखनऊ हाईवे पर मुर्तजानगर नहर के पास पीछे से आए ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दंपति गंभीर घायल हो गए। वहीं महिला की गोद में होने से बच्चा बाल-बाल बच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेस से घायल दंपति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।



नवाबगंज में डंपर को हटाती क्रेन।

**केस 04** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत खरौली गांव निवासी पूती (42) पुत्र स्व. विजय बहादुर सिंह अपनी पत्नी संगीता (40) व बेटे आदित्य (8) के साथ बाइक से लखनऊ गया था। वहां से घर लौटते समय सदर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर स्थित नवीन मंडी के पास कानपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दंपति समेत बेटा भी घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पीआरवी ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

**केस 05** आसीवन। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बरौना गांव निवासी राममिलन (18) पुत्र मंशाराम किसी काम से मियागंज आया था। लौटते समय आसीवन थानाक्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर कस्बा मियागंज के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। ग्रामीण उसे मियागंज सीएचसी ले गए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**केस 06** नवाबगंज। लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित सोहरामऊ थानाक्षेत्र के हिनौरा मोड़ पर एक पिकअप आगे खड़े वाहन से टकरा गया। हादसे में वाहनों में सवार रोहित (30) पुत्र कमलाशंकर निवासी जोगा सराय, संजय (28) पुत्र जगदीश निवासी अजगैन व आदेश (27) पुत्र शिवशंकर को गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। वहीं हाईवे पर ही अजगैन कोतवाली अंतर्गत टोल प्लाजा के पास दो बाइकों में टक्कर हो गई। जिसमें घनश्याम (19) पुत्र रामशंकर निवासी खड़ेहरा व राजेन्द्र सिंह (34) निवासी बेहटा गंभीर घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। इसी हाईवे पर सुबह नवाबगंज बाईपास पर गड्ढे से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर गिट्टी लदा डंपर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में जाकर पलट गया। इसमें चालक शफीक निवासी जहांगीराबाद घाटमपुर कानपुर नगर घायल हो गया। डंपर पलटने से हाईवे पर गिट्टी फैलने से वहां जाम लग गया। पुलिस ने जेसीबी से गिट्टी और डंपर को हटवाया। चार घंटे बाद यातायात सामान्य हो पाया।

# युवक को जबरन कमरे में बंदकर पीटा

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजधानी मार्ग पर दबंगों ने एक युवक को उठा ले गये। उसे एक कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा। किसी तरह युवक उनसे बचकर गंगाघाट कोतवाली पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। पुलिस ने पांच नामजद समेत पंद्रह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांधी नगर निवासी सुमित गौतम ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि मंगलवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह सर्वोदय नगर राजधानी मार्ग स्थित एक मोबाइल की दुकान पर गया था। जहां से वापस आते समय एक दर्जन से अधिक दबंगों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर सभी ने उसे बुरी तरह से पीट दिया। जिसके बाद उसे अपने साथ उठा ले गये। जहां उसने बताया कि मिश्रा कॉलोनी के एक कमरे में उसे बंदकर बेरहमी से पीटा। जिससे उसे चोटें आई। किसी तरह वह गंगाघाट कोतवाली पहुंचा और पांच नामजद समेत पंद्रह के खिलाफ गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मिश्रा कॉलोनी निवासी सौरभ मिश्रा उर्फ कल्लू बटिस्टा, आश्चर्य अवस्थी, आर्यन, मनीष शुक्ला, चुनमुन व दस अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, बलवा, दलित उत्पीड़न, कमरे में बंद कर पीटने के अलावा अन्य गंभीर धाराओं में मामला पंजीकृत कर घायल को मेडिकल के लिये भेजा है।



मिश्रा कॉलोनी में जांच करते इंस्पेक्टर। अमृत विचार

- राजधानी मार्ग से दबंग अगवा कर ले गए
- पांच नामजद सहित 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

### दूसरे पक्ष ने लगाया फायरिंग का आरोप

दूसरे पक्ष ने फायरिंग का आरोप लगाया है। जिस पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति मौके पर जांच पड़ताल करने पहुंचे। पुलिस ने बताया कि फायरिंग होने की बात सोशल मीडिया पर प्रसारित की है। उसे पुलिस ने संज्ञान में लिया और जांच पड़ताल की लेकिन फायरिंग जैसी घटना सामने नहीं आई। फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं दूसरे पक्ष आश्चर्य अवस्थी के भाई आशू अवस्थी ने हवाई फायरिंग को लेकर पुलिस को तहरीर दी है लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई मामला नहीं दर्ज किया है।

### पुलिस की लापरवाही से छिड़ सकता है गैंगवार

नगर में पिछले चार दिनों से दो गुटों में गैंगवार छिड़ा हुआ है। दो दिन पहले अंबिकापुरम में दो गुटो के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसके बाद ब्रम्ह नगर में फायरिंग की घटना हुई। वहां मौके से कारतूस के खोखे भी बरामद हुये। इसके बावजूद पुलिस ने अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की है। ऐसे में गंगाघाट में दो गुटों के बीच गैंगवार भी छिड़ सकता है।

# नवीन पुल के फुटपाथ पर सब्जी मंडी, लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नवीन पुल पर सोमवार शाम से मध्य रात्रि तक भीषण जाम लगा रहा। जिस कारण कानपुर से लेकर शुक्लागंज फोरलेन सब्जी मंडी तक दोहरी, तिहरी कतारों में वाहन सवार खड़े रहे। जाम हटवाने में गंगाघाट पुलिस भी परेशान रही। वहीं रात के समय डिपो बसों के निकलने से जाम और तीखा हो गया। मध्य रात्रि तक कानपुर आने जाने वाले लोगों को जाम का दंश झेलना पड़ा। वहीं फुटपाथ पर सब्जी मंडी लगने के कारण आये दिन जाम लग रहा है।

सोमवार शाम नवीन पुल के फुटपॉथ पर शुक्लागंज से कानपुर के बीच कई दुकानें लगी रही। जिस कारण कानपुर ड्यूटी कर वापस लौट रहे लोग सब्जी खरीदने के लिये अपने वाहन पुल पर खड़े कर दिये। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में कानपुर से लेकर शुक्लागंज तक कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम में कई बारातों के दूल्हें भी फंसे रहे। जिससे बारातियों को भी परेशानी उठानी पड़ी। गंगाघाट पुलिस जाम हटवाने के लिये मशक्कत करती रही, इसके बावजूद फोरलेन सब्जी मंडी तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। ग्यारह बजे के बाद नवीन पुल से एक के बाद एक डिपो बसें निकली। जिससे बालूघाट मोड़ का संकरा रास्ता होने के कारण वाहन फंस गये। जिससे जाम और तीखा हो गया। मध्य रात्रि बारह बजे तक नवीन पुल पर जाम की स्थिति बनी रही। नवीन पुल के दोनों ओर फुटपॉथ पर सब्जी मंडी लगने से हर रोज जाम लगता है। जिससे घंटों लोग जाम में फंसकर परेशान होते हैं। इतना ही नहीं तमाम वीआईपी भी जाम में फंसते रहते हैं। इसके बावजूद कानपुर और उन्नाव के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे शुक्लागंजवासियों को आये दिन जाम का दंश झेलना पड़ रहा है।



नवीन पुल पर रात 11 बजे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

- तीन कतारों में वाहन खड़े होने से फंसा यातायात

### सरैंया पुल पर भी लगा जाम

मंगलवार को बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के क्षतिग्रस्त रास्ते के कारण पूरे दिन रुक-रुक कर जाम लगने से राहगीरों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। यहां निर्माण कार्य यातायात के पहले से ही व्यवधान बना हुआ है। साथ ही ट्रैफिक लोड बढ़ने व आगे निकलने की होड़ से जब-तब जाम लग जा रहा है। मंगलवार को भी कई बार जाम लगा।

# अस्पताल में महिला ने जन्मे तीन बच्चे, चर्चा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रसव पीड़ा होने पर जिला महिला चिकित्सालय आई प्रसूता ने सामान्य प्रसव से एक बेटी और दो बेटों को जन्म दिया। प्रसूता व सभी नवजात स्वस्थ हैं। अस्पताल स्टाफ उनकी विशेष निगरानी कर रहा है। अस्पताल में महिला के तीन बच्चों के जन्म देने की चर्चा पूरे दिन बनी रही।

सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक क्षेत्र के भतावां गांव निवासी सुरेश की पत्नी सावित्री (30) को सोमवार अचानक तेज प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उसे एंबुलेंस से जिला महिला चिकित्सालय लाए। जहां सावित्री ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। बच्चों को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। पूरे दिन अस्पताल में लोग इसकी चर्चा करते रहे। तीनों बच्चे सामान्य प्रसव से हुए। महिला सीएमएस डा. संजू अग्रवाल ने बताया कि मां व बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उनकी विशेष निगरानी की जा रही है। नवजात में एक बेटी व दो बेटे हैं।



जिला महिला चिकित्सालय में मौजूद नवजात बच्चे।

- जिला महिला चिकित्सालय में हुआ सामान्य प्रसव

## सार-संक्षेप

### ऋतुराज बसंत के स्वागत की तैयारियों में जुटे लोग

**शुक्लागंज-उन्नाव।** ऋतुराज बसंत के आने पर हर कोई रंग बिरंगे परिधान में झूम उठता है। वहीं प्रकृति भी इस माह में अपनी छटा बिखेरती है। पेड़ पौधे, नई कोपलें निकालने लगते हैं। वहीं खेतों में पीले रंग की सरसों भी हवा के साथ लहलहाती हुई मनोहारी छटा बिखेर रही है। धरा के आंगन में मदमस्त ऋतुराज बसंत पधार चुका है। हवाएं इस बात की गवाही दे रही हैं। पेड़ पौधों से एक एक कर झड़ रहे पुराने पत्ते ऋतुराज का स्वागत कर रहे हैं। फूलों पर मचल रहीं तितलियां व गीत गा रहे भौंरे फिजां में मस्ती घोल रहे हैं। काली कोयलिया भी कूक रही हैं। बसंत के मौके पर हर कोई पीले परिधान में नजर आयेगा और बसंत का स्वागत करने के लिए हर कोई उतावला है। वहीं राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर अध्यक्ष आदित्य सिंह ने मंगलवार को मंदिर स्थल में फूलों से सजावट कार्य कराया। उन्होंने बताया कि बुधवार को सुबह मां दुर्गा के चरणों में केसर की होली अर्पित की जायेगी। उसके बाद कन्या पूजन के साथ विशेष यज्ञ का आयोजन किया जायेगा इसके बाद पूरे दिन आशर्वाद मुद्रा वितरण कार्यक्रम चलता रहेगा। वहीं बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर बसंत पर्व को लेकर तैयारियां की गई। मंदिर में आज धार्मिक अनुष्ठान किये जायेंगे। इसके साथ ही राजधानी मार्ग, पोनी रोड पर सजी दुकानों में महिलाओं ने बसंत के पूजन की सामग्री खरीदी। जहां सुबह से शाम तक महिलाओं की भीड़ देखी गई।

### रोटरी क्लब कानपुर का स्वास्थ्य शिविर आज

**शुक्लागंज-उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के पास रोटरी क्लब कानपुर सनराइज के तत्वावधान में आज सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे के बीच नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं नि:शुल्क दवा वितरण किया जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष रो. योगेन्द्र देव त्रिपाठी, सचिव रो. सीताराम अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में डा. एस के शुक्ला, डा. ओम प्रकाश, डा. आरती मिश्रा, डा. प्रिया सिंह, डा. निखिल चौहान मरीजों का परीक्षण करेंगे।

### बारिश होने से बढ़ी सर्दी, रबी की फसल को फायदा

**शुक्लागंज उन्नाव।** मंगलवार मध्य रात्रि अचानक मौसम बदला और बारिश हुई। बारिश के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की गलियों में कींचड़ हो गया। जिससे लोगों को आने जाने में दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं बारिश होने से गेंहू किसानों के चेहरे खिल उठे। सरसों और आलू के किसानों को नुकसान पहुंचा है। मंगलवार रात करीब साढ़े 12 से ही अचानक मौसम परिवर्तन हुआ और आसमान में काले बादल छाये रहे। मध्य रात्रि हुई झमाझम बारिश से सर्दी बढ़ गई। बारिश होने से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के निचले इलाकों की कच्ची गलियों में कीचड़ हो गया। जिससे आने जाने वाले लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। बारिश होने से सर्दी बढ़ गई। सुबह के समय एक बार फिर लोग ठिठुरते हुये घरों को रवाना हुये। वहीं बारिश होने से किसानों ने बताया कि डीजल महंगा होने के कारण गेंहू की फसल में पानी लगने पर उनकी जेबें ढीली हो रही थी। इधर दो बार हुई बारिश से फसलों को पानी के रुप में अमृत मिल रहा है। जिससे गेहूं की फसल लहलहाने लगी है। इसके साथ ही तमाम किसानों की सरसों की फसल पकने वाली है बारिश के साथ तेज हवाएं चल रही है। जिससे फसल खेत में ही गिर गयी है। जिससे काटने के दौरान सरसों के बीज खेत में ही गिर जायेंगे। जिससे किसानों को नुकसान हो सकता है। चना और अरहर, गोभी, मटर, टमाटर कि फसलों को यह पानी फायदेमंद साबित हो रहा है।



नरबीजपुर के खेतों में लहलहाती सरसों की फसल।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में गिनाई केंद्र की योजनाएं

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार को नगर पालिका गंगाघाट की ओर से पालिका परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां कार्यक्रम में आये लोगों को केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन ने भी लोगों को जागरूक किया।

मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम पालिका में आयोजित किया गया। जहां नगर व आस पास से लोग पहुंचे। लोगों को संबोधित करते हुये पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने बताया कि केन्द्र की भाजपा सरकार सभी वर्गों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। इसके साथ ही सरकार ने नारी शक्ति वंदन, कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रितों महिलाओं को पेंशन, अपराध और अपराधियों के विरूद्ध जीरो टालरेंस, सर्वसमावेशी विकास, सबको शिक्षा-अच्छी शिक्षा, सर्वे संतु निरामया जैसी तमाम योजनाएं चला रही है। जिससे लोगों को इसका लाभ भी मिल रहा है। वहीं भाजपा नेता संदीप पांडे ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार सभी वर्गों के हितों में काम कर रही है। इसके साथ ही मोबाइल वैन के माध्यम से लोगों के बीच जाकर केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर ईओ मुकेश कुमार मिश्रा, अनूप शुक्ला के अलावा सभासद व पालिका कर्मी भी रहे।



पालिका परिसर में होता कार्यक्रम। अमृत विचार



यात्रा में शामिल जिला कार्यक्रम प्रबंधक कोमल शर्मा। अमृत विचार

### जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने किया निरीक्षण

नगर की स्वच्छता की हकीकत देखने जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन कोमल शर्मा भी पहुंची। उन्होंने स्वच्छता के साथ ही विकास के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने नगर के कई स्थानों पर जाकर स्वच्छता परखी और सेल्फी प्वाइंट देखा। इसके साथ ही स्वच्छता को लेकर उन्होंने दिशा निर्देश दिये।

# दूसरे दिन भी अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त नहीं

**शुक्लागंज-उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अंतर्गत त्रिभुवन खेड़ा में सोमवार दोपहर अज्ञात महिला का शव मिला था। शव को देखकर हत्या की आशंका जाहिर की जा रही थी। दूसरे दिन भी पुलिस महिला की शिनाख्त नहीं करा सकी।

जाजमऊ क्षेत्र के त्रिभुवन खेड़ा के पास सड़क के किनारे हो रही प्लाटिंग के पास सोमवार दोपहर करीब दो बजे एक 32 वर्षीय अज्ञात महिला का शव अमरुद बेच रहे लोगों ने देखा था। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि शिनाख्त के लिये सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। जल्द ही शिनाख्त कराई जायेगी।

**नई व्यवस्था** जिले में आईं 1273 मशीनें, प्रशिक्षण के बाद कोटेदारों को वितरित की गई

# राशन में घटतौली रोकेगी डिजिटल वेइंग मशीन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** गरीबों को वितरित हो रहे राशन में घटतौली रोकने की मंशा से प्रदेश सरकार अब नई व्यवस्था शुरू करने जा रही है। जिसकी तैयारियां पूरी हो गयी हैं। जल्द ही यह धरातल पर पहुंच जायेगी। इसके बाद पात्रों को इसका सीधा लाभ मिल सकेगा। लाभार्थियों द्वारा आएदिन कोटे से राशन कम मिलने की शिकायतें सरकार को मिल रही थीं। जिसके चलते सरकार ने अब पीडीएस दुकानों में डिजिटल वेइंग मशीन लगाने का काम शुरू कर दिया है। जिससे लाभार्थियों को सही वजन में अनाज मिलेगा। सभी मशीनें ई-पाश मशीन से जुड़ी होंगी।

बता दें कि प्रदेश सरकार अनाज की चोरी रोकने के लिये अब डिजिटल वेइंग मशीन लगाने जा रही है। यह मशीन लगने के बाद अब राशन दुकानों में तराजू या कांटा से अनाज का वजन नहीं होगा। जिले की सभी पीडीएस दुकानों में यह मशीन लगाई जायेगी। इसके लगने के बाद राशन कार्डधारकों को उनके अनाज की सही तौल मिल सकेगी और चोरी पर रोक लगेगी। खाद्य-आपूर्ति विभाग ने इस संबंध में काम करते हुए डिजिटल वेइंग मशीनें लगानी शुरू कर दी हैं। पूर्ति विभाग के अधिकारी राज बहादुर सिंह ने बताया कि जिले में आयी करीब 1273 डिजिटल वेइंग मशीन, सभी कोटेदारों को ट्रेनिंग कराने के बाद वितरित कर दी गई हैं। जल्द ही इन्हीं मशीनों से राशन बांटा जाएगा। उन्होंने बताया कि ई-पाश सिस्टम से जुड़ने के बाद इसका डाटा सीधे विभाग के डाटा सेंटर में दर्ज होगा। मशीन में जितना वजन लाभार्थियों को दिया जायेगा उतना ही डाटा पाश मशीन द्वारा आनलाइन डाटा सेंटर में दर्ज होगा। जो बाद में आहार पोर्टल में भी आनलाइन दिख सकेगा।



कोटेदारों को वितरित करने को लाई गईं डिजिटल वेइंग मशीनें। अमृत विचार

# बैराज मार्ग पर कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**शुक्लागंज-उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के चंपापुरवा मनसुख खेड़ा निवासी दो युवकों की बाइक में पीछे से कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चंपापुरवा मनसुख खेड़ा निवासी कृष्णा कुशवाहा व धीरू कुशवाहा बाइक से मंगलवार को कानपुर गये थे। देर शाम बैराज मार्ग होते हुये वापस घर आ रहे थे तभी शंकरपुर सरायं गांव के सामने पीछे से आ रही अनियंत्रित कार कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों उछल कर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रुप से घायल हो गये।

# मतदान के लिए किया जागरूक

संवाददाता, बांगरमऊ-उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित आरडीएस इंटर कालेज के प्रांगण में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें विद्यालय प्रबंधक प्रमोद सैनी ने कहा कि मतदान ही लोकतंत्र की जान है।

कार्यक्रम में प्रबंधक ने कहा कि देश व प्रदेश की पंचायतों में गरीब जनता की आवाज बुलंद करने को योग्य, ईमानदार, कर्मठ व जनता के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि भेजने को शत-प्रतिशत मतदान जरूरी है। इसीलिए पहले मतदान फिर जलपान का ध्यान रखें। नायब तहसीलदार दिलीप कुमार ने कहा कि क्षेत्र का विकास योग्य और ईमानदार प्रतिनिधियों से ही संभव है। उन्होंने मौजूद छात्र-छात्राओं से अपने माता-पिता व परिजनों को हरसंभव मतदान हेतु प्रेरित करने को प्रेरित करने को कहा। कहा कि जिन छात्र-छात्राओं की आयु 18 वर्ष हो चुकी हो वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करा दें और मतदान जरूर करें। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं शामिल हुईं।



कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते मुख्य वक्ता। अमृत विचार

- बांगरमऊ के आरडीएस इंटर कालेज में आयोजित हुआ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

